www.tamsasanket.com
वर्षः 06 || अंक 123 || लखनऊ
रविवार
02 अगस्त 2026 || पृष्ठः 04 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:30
सूर्यास्तः 06:55
अधिकतमः 33°00
न्यूनतमः 28°00



पेज 07

विशेष समाचार बहनः संस्कृति, संवेदना और... >> पेज 04 | 4 फीट की गली में चला रेस्क्यू... >> पेज 06 | बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे एल्विश

## हमने परंपरा बदली, भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बना

# पहले एयरपोर्ट के नाम एक परिवार पर थे : मोदी

### अमरावती में पीएम मोदी ने एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन कर वहां की फैसिलिटीज देखीं



“पीएम ने कहा- आज चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के नेतृत्व में एनडीए की पूरी टीम आंध्र प्रदेश के लिए डबल स्पीड से काम कर रही है। आंध्रप्रदेश में करीब 1 लाख करोड़ रुपए की रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। राज्य के पूरे रेल नेटवर्क का इलेक्ट्रिफिकेशन हो चुका है। यहां 70 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है।”




**उद्घाटन**

तमसा संकेत, एजेंसी

अमरावती। PM मोदी ने शनिवार को अमरावती में कहा- ‘देश में पहले एयरपोर्ट के नाम एक ही परिवार के नाम पर होते थे, लेकिन हमारी सरकार ने इस परंपरा को बदल दिया।’ ‘हमने अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम बाल्मीकी के नाम से जोड़ा। पंजाब में एयरपोर्ट का नाम संत रविदासजी के नाम पर रखा। अमरावती के एयरपोर्ट का नाम श्री अल्लूरी सीताराम राजू के नाम पर रखा है।’ पीएम ने यहां भोगपुरम एयरपोर्ट समेत 18 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

>> (शेष पेज 06 पर)

### कर्नाटक में निरंजन मठ में बना विवेकानंद स्मारक



- *पीएम मोदी कर्नाटक के मैसूर में स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र 'विवेक स्मारक' का उद्घाटन करेंगे।*
- *'विवेक स्मारक' नवंबर 1892 में भारत यात्रा के दौरान स्वामी विवेकानंद की मैसूर की ऐतिहासिक यात्रा की याद दिलाता है।*
- *वहां रहने के दौरान, उन्होंने कहा था कि विद्वानों और भक्तों से बातचीत की और महाराजा चामराजेन्द्र वाडियार का संरक्षण प्राप्त किया।*
- *इनके सहयोग से ही वे 1893 में शिकागो में धर्म संसद (पार्लियामेंट ऑफ़ रिलीजन) में जा सके।*
- *निरंजन मठ में स्थापित 'विवेक स्मारक' 81,000 वर्ग फुट से ज्यादा एरिया में बना है।*
- *इसमें एक 4-D अनुभव सेंटर, एक प्रदर्शनी हॉल, लगभग 700 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक एम्फीथिएटर, क्लासरूम, कॉन्फ्रेंस रूम, एक लाइब्रेरी, एक रीडिंग रूम, एक ध्यान और योग हॉल और एक बुक स्टॉल है।*
- *इस केंद्र में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए विशेष सुविधाएं भी शामिल हैं।*

### पीएम बोले- युवाओं ने भारत को स्टार्टअप का हब बनाया

*मोदी ने कहा कि भारत का युवा जो पहले जंजीरों में था आज आगे बढ़ रहा है। युवाओं की वजह से भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है। ये भारत के युवाओं की वजह से ही हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं ने AI, सेमीकंडक्टर और टेक में अपना योगदान दिया है। कुछ दिन पहले युवाओं का बनाया हुआ एक प्राइवेट रॉकेट अंतरिक्ष में पहुंचा है। पीएम मोदी ने मैसूर में कहा कि कुछ देर पहले मैं उस भवन में भी गया था जहां स्वामी विवेकानंद जी ने समय बिताया था। आज हम उनकी परंपरा को विस्तार दे रहे हैं। व्यक्ति से विभूति का निर्माण एक दिन में नहीं होता। इसके लिए अनगिनत योगदान देना होता है। लेकिन तप के समय महान विभूति को पहचानना अहम है।*

### पीएम बोले- मेरे जीवन में रामकृष्ण मिशन का योगदान

पीएम मोदी ने मैसूर में कहा कि आप सब जानते हैं मेरी यात्रा जहां से शुरू हुई उसमें रामकृष्ण मिशन का बहुत अहम योगदान है। मैं 3 महीने पहले हावड़ा में बेलूर मठ गया था। वहां भी मैंने मठ के गुरुओं का आशीर्वाद लिया।

### पीएम बोले- 12 साल में एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 166 हुई

प्रधानमंत्री ने कहा- कुछ दिन पहले ही सरकार ने उड़ान योजना के दूसरे फेज की शुरुआत की है, इस पर भी 29 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। कुछ दिन पहले काशी में स्पोक एयरपोर्ट मॉडल का शुभारंभ हुआ। आज वही मॉडल के पंजाब के अमृतसर तक पहुंच गया है। इससे अमृतसर से 25 से ज्यादा डेस्टिनेशन जुड़ जाएंगी।



## पन्नाधाय को खीची राजपूत बताने पर विवाद

### 'भारत के नारी रत्न' पुस्तक में ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़

तमसा संकेत, एजेंसी

उदयपुर। मेवाड़ के इतिहास में अपने पुत्र का बलिदान देकर राजवंश की रक्षा करने वाली मां 'पन्नाधाय' की जाति को लेकर उदयपुर में नया विवाद खड़ा हो गया है। गुर्जर समाज ने 'पन्नाधाय' को गुर्जर जाति का बताते हुए भारत सरकार की किताब 'भारत के नारी रत्न' में दिए गए तथ्यों पर कड़ा एतराज जताया है। भारत सरकार के प्रकाशन विभाग की ओर से वर्ष 2022 में छपी (8वां संस्करण) पुस्तक 'भारत के नारी रत्न' में पन्नाधाय को 'खीची राजपूत वंश की क्षत्राणी' बताया गया है। गुर्जर समाज ने इसे ऐतिहासिक तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और वास्तविक




पहचान को बदलने का प्रयास बताया है। 31 जुलाई को गुर्जर समाज सेवा समिति उदयपुर के बैनर तले अलग-अलग इलाकों से आने वाले समाज के प्रतिनिधियों का एक मंडल उदयपुर जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल से मिलने पहुंचा। कलेक्टर के मौजूद न होने पर समाज के लोगों ने एसडीएम (गिर्वा) अवुल साईकृष्णा को ज्ञापन सौंपा।

## सीएए के एप्लिकेशन 6 महीने में क्लियर होंगे : शुभेंदु

### कहा- इस कानून से किसी की नागरिकता छिनेगी नहीं

**एलान**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को घोषणा की कि राज्य में नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) के तहत सभी लंबित एप्लिकेशन का निपटारा अगले 6 महीने में हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कानून नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, न कि किसी की नागरिकता छीनने के लिए। न्यू टाउन में आयोजित सीएए प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शुभेंदु ने उत्तर 24 परगना के मतुआ समुदाय के करीब 300 लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र



दिए। उन्होंने कहा कि पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को इस कानून के बारे में गुमराह किया था। CAA को हिंदी में नागरिकता संशोधन कानून कहा जाता है। इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश, और अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता मिलने का रास्ता साफ होता है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### लुधियाना पुलिस के सामने वक्फ बोर्ड टीम की पिटाई

लुधियाना। लुधियाना में वक्फ बोर्ड की जमीन का कब्जा लेने पहुंची टीम पर हमला किया गया। आरोपियों ने टीम के सदस्यों को लात-घूंसे मारे, जिसमें एक रेंट कलेक्टर घायल हो गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें साफ देख जा सकता है की लोगा पुलिस के सामने कर्मचारियों के साथ मारपीट करते हैं।

### जंतर-मंतर प्रोटेस्ट-पीएम को गाली देने वाली लड़की ने माफी मांगी

नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर PM मोदी को गाली देने वाली लड़की ने माफी मांगने का वीडियो जारी किया है। उसने कहा, ‘मैं सिर्फ 15 साल की हूं, यह मेरी पहली और आखिरी गलती थी। मैं बहकावे में आ गई थी।’ वीडियो सामने आने के बाद कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने शनिवार को पूछा, ‘क्या सरकार केस भी वापस लेगी।’ लड़की के खिलाफ 30 जुलाई को नोएडा में केस दर्ज हुआ था। इधर, PM मोदी ने शुक्रवार रात इंस्टाग्राम पर रील शेयर की थी।

### किसान सम्मान निधि योजना 5 साल बढ़ाई गई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को केंद्रीय कैबिनेट और सीसीए की बैठक हुई। इसमें समुद्र मंथन, सूर्य सरोवर योजना, पीएम सम्मान निधि और खेलो इंडिया जैसी कई योजनाओं पर फैसले लिए गए।

बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित किया।

# कश्मीर में छत्तीसगढ़ के हिंदू मजदूरों की नाम पूछकर हत्या

### अनंतनाग में कॉन्स्टेबल की हत्या में भी इसका नाम आया था

तमसा संकेत, एजेंसी

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में 2 हिंदू मजदूरों की हत्या आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के आतंकियों ने की है। यह जानकारी खुफिया सूत्रों ने दी है। ये फ्रंट लश्कर ए तैयबा से जुड़ा है। सूत्रों ने बताया कि इस वारदात को अंजाम आतंकी मोहम्मद लतीफ ने दिया है। इसी ने 22 जुलाई को अनंतनाग में हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की लाल चौक इलाके में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी। शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे कुलगाम के केलाम में आतंकियों ने ईंट-भट्ठे पर काम कर




■ पुलिस और सेना के जवानों की गाड़ियां पूरे इलाके की छानबीन कर रही हैं।

रहे 2 हिंदू मजदूरों को नाम पूछकर गोली मार दी। पुलिस को यह जानकारी मौके पर मौजूद दूसरे मजदूरों ने दी। दोनों मृतक छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। ये हत्याएं पहलगाम जैसे पैटर्न पर की गई। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसमें आतंकियों ने 26 पर्यटकों को उनका धर्म पूछकर मार दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, लतीफ और उसका साथी मोटरसाइकिल पर प्रवासी मजदूरों के पास पहुंचा था। इन्होंने पहचान पत्र चेक किए और बहुत करीब से गोलीबारी की। स्थानीय लोगों के मुताबिक, उन्होंने 10-12 राउंड फायर की आवाज सुनी। एजेंसियों के अनुसार, लतीफ ने यह हमला इसलिए किया।

## बोले- पेट्रोल पंप पर शुद्ध पेट्रोल भी मिले, सरकार इसे थोपे नहीं

# ई 20 फ्यूल का विरोध : केजरीवाल पीएम आवास तक मार्च निकालेंगे

**एलान**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा, ‘पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को शुद्ध पेट्रोल और E 20 के बीच चुनने का विकल्प दिया जाए। अगर ये मांग नहीं मानी जाती है तो 4 अगस्त को पीएम आवास तक मार्च निकाला जाएगा।' यह बात केजरीवाल ने E20 फ्यूल के मुद्दे पर बुलाई ‘नेशनल टाउन हॉल’ में कही। उन्होंने बताया कि वे 3 अगस्त की दोपहर तक याचिकाएं इकट्ठा करेंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

### केजरीवाल बोले- इथेनॉल पेट्रोल से महंगा

केजरीवाल ने कहा, 'इथेनॉल बनाने वाले प्लांट के आस-पास के इलाकों में जमीन के नीचे का पानी प्रदूषित हो जाता है। मेरी सरकार से अपील है कि वह उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करे, जिसका हवाला देकर सरकार ने दावा किया था कि E20 से वाहनों को कोई नुकसान नहीं होता है। नेशनल टाउन हॉल’ में कई राज्यों के लोग शामिल हुए। उन्होंने E 20 के इस्तेमाल को लेकर अपने अनुभव और समस्याओं के बारे में बताया जिनका सामना उन्हें अपने वाहनों के साथ करना पड़ रहा है।

### ‘आप’ ने पीएम को संबोधित ऑनलाइन याचिका शुरू की थी

AAP ने प्रधानमंत्री को संबोधित एक ऑनलाइन याचिका शुरू की थी, जिस पर दो लाख से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं। शनिवार के कार्यक्रम के बाद, वह प्रधानमंत्री आवास जाकर यह याचिका सौंपेंगे।






### भारत में क्यों हो रहा है ई20 पेट्रोल का विरोध?

भारत में 20% एथेनॉल और 80% पेट्रोल के इस मिश्रण (E20) का विरोध हो रहा है। खासकर 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं। उनका दावा है कि इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा है, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया है।

इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं।

**कार्यक्रम : आज की पीढ़ी को इसका सही मतलब समझना होगा, ये लंबे संघर्ष के बाद मिली है**

# आजादी का मतलब केवल मनमानी नहीं : अजीत डोभाल

तमसा संकेत, एजेंसी

पुणे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल ने शनिवार को कहा, ‘ युवाओं को यह समझना होगा कि आजादी का मतलब केवल अपनी मर्जी से कुछ भी करने की मनमानी नहीं है।’ डोभाल ने यह बात पुणे में लोकमान्य तिलक पुरस्कार कार्यक्रम में कही। इसमें डोभाल को गृहमंत्री अमित शाह ने लोकमान्य तिलक अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हमें यह समझाना होगा कि देश की आजादी के पीछे एक लंबा संघर्ष



और इतिहास रहा है।’ NSA डोभाल ने कहा कि आज के युवाओं को सोचना चाहिए कि वे केवल राष्ट्रहित में काम करेंगे।

“डोभाल ने इस मौके पर कहा, ‘युवा आजादी को केवल अपनी इच्छा के अनुसार कुछ भी करने की स्वतंत्रता समझ सकते हैं, लेकिन आजादी का वास्तविक अर्थ यह नहीं है।”



### शाह बोले- डोभाल को एनएसए बनाना मोदी का पहला फैसला

*शाह ने बताया कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी द्वारा लिए गए पहले फैसलों में से एक अजीत डोभाल को NSA नियुक्त करना था। उन्होंने कहा कि इस कदम ने भारत के रणनीतिक रुख को बदल दिया। आज भारत की विदेश नीति में फौलाद जैसी मजबूती है और हमने आत्मसम्मान के साथ दुनिया में अपनी स्थिति मजबूत की है।*

### जेन-जी, जो डिजिटल युग में बड़ी हुई

जेन-जी यानी 1997-2012 के बीच जन्मी पीढ़ी डिजिटल युग में बड़ी हुई है। यह सोशल मीडिया, तेज सूचना और नेटवर्किंग का इस्तेमाल बेहतर करती है। यह पीढ़ी पारंपरिक तरीकों के बजाय क्रिएटिव और विजुअल तरीकों से अपनी बात रखने के लिए जानी जाती है।

# छात्रों को पीएम की माफी की जरूरत नहीं : राहुल

### बल्कि उन्हें स्टूडेंट्स से माफी मांगनी चाहिए

**बातचीत**

तमसा संकेत, एजेंसी

चेन्नई। राहुल गांधी ने शनिवार को चेन्नई में स्टूडेंट्स से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने X पर पोस्ट कर लिखा- स्टूडेंट्स को पीएम की माफी की जरूरत नहीं, बल्कि उन्हें स्टूडेंट्स से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि माता-पिता को अपने बच्चे का शोक मनाते देखने से ज्यादा दर्दनाक कुछ नहीं हो सकता। नीट पेपर लीक के बाद न पीएम पीड़ित माता-पिता से मिले हैं और न ही किसी ऐसे छात्र के साथ बैठे हैं जिसका भविष्य पेपर लीक के कारण छिन गया। दरअसल, शुक्रवार रात 11 बजे राहुल ने पीएम पर एक



वीडियो जारी कर कहा था कि जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान कुछ बच्चों ने उन्हें और उनकी मां को भद्दी गालियां दीं। लेकिन वह उन बच्चों को माफ करते हैं क्योंकि बचपन गलती सुधारने का समय होता है। राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि परिसीमन, तमिलनाडु के लोगों से मताधिकार छीनने की साजिश है। इससे तमिलनाडु को कमजोर किया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

# 7.50 लाख रिश्वत लेते इंजीनियर गिरफ्तार

## विजिलेंस ने 3 लोगों को रंगेहाथ पकड़ा, मकान बनवाने के बदले 15 लाख मांगे थे

**पूछताछ**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में विकास प्राधिकरण के जेई समेत 3 लोग 7.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए। विजिलेंस ने शिकायतकर्ता के जरिए इन्हें पैसे देने के लिए बुलाया था। गोमती नगर के प्राधिकरण कार्यालय में आरोपियों ने पैसे लिए, टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

जोन-5 ऑफिस में तैनात JE दिनेश कुमार वर्मा, सुपरवाइजर चंद्र प्रकाश और बिचौलिए श्रवण कुमार ने शिकायतकर्ता को धमकाया था। उससे मकान निर्माण के बदले 15 लाख रुपए की डिमांड की थी। विजिलेंस टीम अब आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। विजिलेंस की जांच में सामने आया कि जेई और सुपरवाइजर ने रिश्वत के लिए बाहरी व्यक्ति श्रवण कुमार को अपने साथ



विजिलेंस की टीम ने आरोपियों को गोमतीनगर प्राधिकरण ऑफिस के बाहर से गिरफ्तार किया।

मिला रखा था। मकान बनवा रहे व्यक्ति को IGRS शिकायत का डर दिखाकर तीनों रिश्वत की मांग कर रहे थे। शिकायतकर्ता ने जांच कर रही टीम को रिश्वत से जुड़ी मोबाइल कॉल और बाकी सबूत भी दिए थे। शिकायत सही पाए जाने के बाद विजिलेंस ने रिश्वतखोर जेई की

### जेई ने मकान का निर्माण रुकवाने की धमकी दी

विजिलेंस टीम के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के लखनऊ सेक्टर में शिकायत की थी। इसमें बताया था कि विकास प्राधिकरण के जेई दिनेश कुमार वर्मा उसके निर्माणाधीन मकान पर पहुंचे। उसे धमकाते हुए कहा कि मकान का निर्माण बंद करा दो।

शिकायतकर्ता को बताया गया कि उसके मकान निर्माण को लेकर IGRS पोर्टल पर शिकायत मिली है। इस मामले को खत्म कराने के लिए उसे LDA कार्यालय बुलाया गया।

### पहले 15 लाख मांगे, 7.50 लाख में मामला तय हुआ

शिकायतकर्ता के अनुसार, LDA ऑफिस पहुंचने पर JE दिनेश कुमार वर्मा और सुपरवाइजर चंद्र प्रकाश ने उससे 15 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। रकम नहीं देने पर निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई। शिकायतकर्ता ने इतनी रकम देने से मना किया तो सौदा घटकर 7.50 लाख रुपए में तय हुआ।

गिरफ्तारी की प्लानिंग की। शनिवार को शिकायतकर्ता तय रकम 7.50




विजिलेंस टीम जेई और सुपरवाइजर को पकड़ने के लिए पहले ही एलडीए ऑफिस में मौजूद थी।

लाख रुपए लेकर पहुंचा। जैसे ही आरोपियों ने रिश्वत की रकम ली, विजिलेंस टीम ने तीनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से पूरी रकम भी बरामद की गई।

# गाय 1 मिनट तक बच्ची को रौंदती रही सींग से दबाया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के अर्जुनगंज में घर के बाहर खेल रही बच्ची पर गाय ने हमला कर दिया। इसका CCTV सामने आया है। इसमें पहले गाय बच्ची को सींग से दीवार पर दबाती, फिर जमीन पर पटक देती है। इसके बाद 1 मिनट तक उसे चारों पैरों से उछाल-उछालकर रौंदती है।

शोर सुनकर आए लोगों ने किसी तरह से उसे बचाया। इसके बाद बच्ची को गंभीर हालत में सिविल हॉस्पिटल में सुबह 10 बजे एडमिट कराया। जहां बच्ची का इलाज चल रहा है। बच्ची का नाम सुनैना है। वह सरसवां कॉलोनी के रहने वाले सिनोद कुमार की बेटी है। उसकी उम्र 5 साल है और क्लास फर्स्ट की छात्रा है। सिनोद मजदूरी करके बेटी को पढ़ा रहे हैं। घर वालों का कहना है कि बच्ची स्कूल से आने के बाद खेल रही थी। इसी दौरान वहां गायों का झुंड आ गया। इसमें



से एक गाय अचानक बच्ची को मारना शुरू कर दिया।

गाय के हमले के दौरान बच्ची की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आ गए। डंडों और पत्थर से गाय को भगाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद गाय भागी। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि गाय ने हांकने के लिए आने वालों में से एक युवक को भी दौड़ा लिया।

घायल बच्ची के चाचा बिन्नू ने बताया कि यहां पर गाय मारती ही नहीं, काटती भी है। लोग गाय को दूध के लिए सिर्फ पालते हैं। उसे दूध निकालने के बाद छुट्टा छोड़ देते हैं। मोहल्ले में दूसरे बच्चों को भी गाय दौड़ा चुकी है।

**फास्ट न्यूज**

### रेलवे कर्मचारी ने लगाई फांसी

लखनऊ। लखनऊ के आलमबाग में रेलवे कर्मचारी ने फांसी लगाकर जान दे दी। युवक अपनी गर्लफ्रेंड से वीडियो कॉल पर बात कर रहा था। इसी दौरान उसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक को फंदे पर लटकता देख युवती ने परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर युवक को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### दुबग्गा में खजूर पैकिंग फैक्ट्री के बेसमेंट में भीषण आग


दुबग्गा। लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे एक खजूर पैकिंग फैक्ट्री के बेसमेंट में भीषण आग लग गई। यह फैक्ट्री मछली मंडी के पास यूनिटी कॉलेज के निकट स्थित है। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की 6 गाड़ियां और पुलिस मौके पर पहुंची। बेसमेंट से धुएं का घना गुबार उठता देख इलाके में हलचल मच गई। सूचना पर कई दमकल गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गईं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। दमकलकर्मियों को आग को पूरी तरह बुझाने में करीब 1 घंटा लग गया।

### दरोगा पर युवती ने लगाए यौन शोषण के आरोप

लखनऊ । लखनऊ के आशियाना थाने में तैनात दरोगा धर्मवीर शाही पर एक युवती ने यौन शोषण, मारपीट और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। युवती का आरोप है कि दरोगा ने केस की जांच में मदद करने का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह उससे लगातार मिलने-जुलने लगा। पीड़िता ने शनिवार को DCP सेंट्रल को नामजद शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

# बदल जाएगा आपकी गाड़ी की आरसी का सिस्टम

## वाहन स्वामियों को मिलेगी अब हाईटेक स्मार्ट आरसी



तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार 1 अगस्त से कागज वाली RC (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) की जगह एक नई व्यवस्था लागू करने जा रही है। अब आपको अपनी गाड़ी के लिए मिलेगी एकदम नई और हाईटेक 'स्मार्ट आरसी'।

**कैसा होगा लुक:** यह नई RC बिल्कुल आपके ATM कार्ड जैसी होगी, जिसे अपने वॉलेट में कैरी करना बेहद आसान होगा।

**क्या है खास:** इसमें एक स्मार्ट चिप और QR कोड इनबिल्ट होगा। इसकी मदद से किसी भी वाहन का वेरिफिकेशन डिजिटली और बहुत जल्दी हो सकेगा।

**पुरानी गाड़ियों के लिए भी सुविधा:** अगर आपकी गाड़ी पुरानी है, तो भी आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है! आप भी ऑनलाइन तय फीस जमा करके अपनी कागज वाली RC को नई 'स्मार्ट आरसी' में बदलवा सकते हैं। नए वाहनों की खरीद पर तो अब स्मार्ट आरसी ही मिलेगी।

## विश्व हिंदू रक्षा परिषद का सांसद के खिलाफ प्रदर्शन, कहा- पैगंबर के खिलाफ बोलकर देख ले

# पप्पू यादव की तस्वीर को चप्पल मारी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने सांसद की तस्वीर को चप्पल मारी। सनातन का अपमान करने का आरोप लगाया। मांग रखी कि पप्पू यादव पर रासुका लगाकर जेल भिजवाया जाए।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय और पदाधिकारी आक्रोश मार्च निकालने वाले थे। गोमतीनगर कार्यालय से पप्पू यादव का पुतला लेकर विधानसभा के सामने दहन करने के लिए निकले। लेकिन, पुलिस ने कार्यकर्ताओं को कार्यालय से 50 मीटर की दूरी पर रोक लिया।

उसने पुजारियों का और सनातनियों का अपमान किया है।



परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मधुकर ने कहा- हम लोग पप्पू यादव के पुतले को विधानसभा के पास फूंकेंगे। पप्पू यादव ने जो हरकत की, वह शर्मनाक है। इसकी सजा सरकार को उन्हें देनी चाहिए। उन्होंने आतंकवादियों की तरह काम किया है।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद उसकी मानसिकता को समाप्त करेगी। हमारे साधु-संतों का अपमान किया। इसके अंदर इतनी ताकत है तो पैगंबर

### गोपाल बोले- पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी करके देख ले

गोपाल राय ने कहा- पप्पू यादव ने सनातन धर्म के खिलाफ जो टिप्पणी की है, यही टिप्पणी वह पैगंबर के खिलाफ कर दे। अगर उसका सिर तन से न जुदा हो जाए तो कहना। पप्पू यादव अगर उस टिप्पणी के बाद बचा रह गया तो विश्व हिंदू रक्षा परिषद उसके नतमस्तक हो जाएगा। उसने सनातन को नुकसान पहुंचाया है। विधायक की हत्या सहित 41 मुकदमे उसके ऊपर हैं, तब इस तरह की बात कर रहा है। संसद के बाहर इस तरह के काम कर रहा है जिसे विश्व हिंदू रक्षा परिषद माफ नहीं करेगी।

के खिलाफ बोलकर देखे। शाम तक उसका सिर कलम हो जाएगा। हमारी प्रधानमंत्रीजी से मांग है कि इस पर



विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने भगवा झंडे लेकर पप्पू यादव के खिलाफ नारेबाजी की।

रासुका लगाया जाए। इसे आजीवन कारावास दिया जाए। ऐसे देशद्रोहियों को संसद में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

# दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू

## एस आई आर डी मे विभिन्न विषयो पर विशेषज्ञो द्वारा दिया जा रहा है प्रशिक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में, दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब में सरकारी, अर्धसरकारी विभागों, संस्थाओं के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें अत्यधिक दक्ष और सक्षम बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनः उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं राज्य ग्रामीण विकास संस्थान लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में मॉडल संकुल स्तरीय संघ के एमआईएस सहायक एवं लेखाकार का दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शनिवार को ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब में शुरू हुआ। अरुण कुमार, मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निर्देशन



सत्र का उद्घाटन क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान के आचार्य श्री अनुज कुमार श्रीवास्तव जी ने किया। सत्र प्रभारी डॉक्टर सीमा जी, मिशन मुख्यालय से आए डॉ नन्दकिशोर साह, प्रशिक्षण के संसाधन व्यक्ति मोरिस कुमार एवं जिला संसाधन व्यक्ति राघवेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। संत रविदास नगर, प्रयागराज, सिद्धार्थनगर और औरैया जनपदों से प्रतिभागी प्रशिक्षण में शामिल हुए। डॉ नंदकिशोर साह ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि यह दस दिन का प्रशिक्षण दो भागों में विभाजित है।

में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मॉडल संकुल स्तरीय संघ के कैडर को तकनीकी और वित्तीय रूप से सक्षम बनाना है।

अगले छह दिन तकनीकी सत्र में सभी प्रकार के बही खाते, ऋण प्रबंधन, वित्त प्रबंधन, वित्तीय मानक, वित्तीय विवरण, अंकेक्षण नीति, वैधानिक अनुपालन, आंतरिक नियंत्रण एवं निगरानी के विभिन्न उपकरणों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही

- प्रथम चार दिन आधारभूत पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की जानकारी, संकुल स्तरीय संघ क्या है, संकुल स्तरीय संघ की नीति, मॉडल संकुल स्तरीय संघ के मानक, संकुल स्तरीय संघ की संरचना और संकुल स्तरीय संघ का पांच वर्षीय विजन शामिल है।

प्रतिभागियों को मोबाइल एप एवं पोर्टल पर आंकड़ों की प्रविष्टि, मासिक प्रगति रिपोर्ट, समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ के अभिलेखों का ऑनलाइन रखरखाव, कार्यसूची, सदस्यता रजिस्टर एवं प्रस्ताव पारित करने की प्रक्रिया भी सिखाई जाएगी।

### लखनऊ में किसानों का प्रदर्शन, बराबर मुआवजे की मांग

बख्शी का तालाब ।लखनऊ में नैमिष नगर योजना के तहत भूमि अधिग्रहण के खिलाफ किसानों का विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। शनिवार को लगभग 300 किसानों ने बख्शी का तालाब तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। किसान अधिग्रहित की जा रही जमीन के लिए एक बराबर सर्किल रेट पर मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सहमति नहीं बनती है, तो वे 15 अगस्त से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर देंगे। प्रदर्शन में शामिल महिला किसानों ने भी सरकार से अपील की कि बाजार मूल्य के अनुरूप मुआवजा दिए बिना जबरन भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई न की जाए। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने एडीएम राजकुमार मित्तल को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की गई कि योजना से प्रभावित सभी 18 गांवों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा समान सर्किल रेट के आधार पर तय किया जाए।

# सीएम योगी की प्रेरणा से बड़े उद्यमी गो संरक्षण से जुड़ रहे

## देसी गायों के दूध पर आधारित उत्पादों की देश-विदेश में बढ़ी मांग

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गो संरक्षण नीति ने उत्तर प्रदेश में गो सेवा को रोजगार और उद्यमिता के नए मॉडल में बदल दिया है। यह व्यवस्था अब स्वरोजगार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और करोड़ों के कारोबार का मजबूत आधार बन रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से बड़े उद्यमी, इंजीनियर, सामाजिक संस्थाएं व अन्य लोग भी गो संरक्षण के क्षेत्र में उतर कर देसी गायों पर आधारित उत्पादों के जरिए नई आर्थिक संभावनाएं तैयार कर रहे हैं। यही कारण है कि प्रदेश में गो सेवा के साथ रोजगार का नया रास्ता खुला है।

प्रदेश में देसी गायों के पंचगव्य, आयुर्वेदिक औषधियों, जैविक उत्पादों और पारंपरिक खाद्य सामग्री की मांग लगातार बढ़ी है।

- योगी सरकार की गो संरक्षण नीति से निकला गो सेवा के साथ रोजगार का नया रास्ता
- यूपी की देसी गायों के जरिए विदेशों तक फैला करोड़ों का कारोबार, बड़े पैमाने पर मिल रहा रोजगार

इन उत्पादों का बाजार अब केवल अपने प्रदेश या देश तक सीमित नहीं है, बल्कि अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, दुबई और यूरोप के कई देशों तक फैल चुका है। गो आधारित उद्योगों के विस्तार से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला है और ग्रामीण क्षेत्रों में आय के नए स्रोत तैयार हुए हैं।

उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण को लेकर सरकार की नीति ने इस क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है।

**अभियान :** बेसिक-माध्यमिक शिक्षा विभाग में 22 दिनों में 5.23 लाख से अधिक शिक्षक-कार्मिकों ने पूरी की ई-केवाईसी

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना को मिली रिकॉर्ड रफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को नई मजबूती देते हुए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के क्रियान्वयन में रिकॉर्ड गति हासिल की है। 8 जुलाई को वाराणसी से बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए योजना के शुभारंभ के मात्र 22 दिनों में लगभग 42 प्रतिशत पात्र शिक्षक-कार्मिकों की ई-केवाईसी पूरी कर ली गई है। इसी क्रम में 26 जुलाई को आगरा से उच्च शिक्षा विभाग के लिए योजना शुरू होने के मात्र चार दिनों में ही लगभग 47 प्रतिशत पात्र लाभार्थियों



का ई-केवाईसी पूरा हो चुका है। ई-केवाईसी पूर्ण होने के बाद लाभार्थियों को सूचीबद्ध चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में 20 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसके बाद प्रदेश सरकार ने योजना का प्रारूप, पोर्टल, सूचीबद्ध अस्पतालों की व्यवस्था तथा अन्य विभागीय तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी कीं। घोषणा के मात्र 138 दिनों के भीतर 8 जुलाई को वाराणसी से मुख्यमंत्री ने बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ कर दिया।

**42% शिक्षक-कार्मिकों की पूरी हुई ई-केवाईसी**

- उच्च शिक्षा विभाग में शुभारंभ के मात्र चार दिनों में लगभग 47% लाभार्थियों का हुआ ई-केवाईसी
- तीनों शिक्षा विभागों के 12.89 लाख पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने के लिए मिशन मोड में अभियान

### मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना से जुड़ चुके

तीनों शिक्षा विभागों के कुल 12,89,018 पात्र शिक्षक-कार्मिकों में से 5,40,878 शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और उनके आश्रित ई-केवाईसी पूरी कर मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना से जुड़ चुके हैं। योजना का उद्देश्य प्रदेश के शिक्षा परिवार को सुदृढ़ स्वास्थ्य सुरक्षा कवच उपलब्ध कराना है। यही कारण है कि सरकार इसे मिशन मोड में लागू करते हुए कम समय में अधिकतम पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

### बेसिक शिक्षा विभाग में सबसे अधिक लाभार्थियों ने पूरी की प्रक्रिया


बेसिक शिक्षा विभाग में योजना के अंतर्गत 11,03,464 पात्र शिक्षक-कार्मिकों को शामिल किया गया है। इनमें से अब तक 4,57,390 लाभार्थियों ने ई-केवाईसी पूरी कर ली है। विभागीय स्तर पर प्रत्येक जनपद में अभियान की नियमित समीक्षा की जा रही है ताकि सभी पात्र शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और उनके आश्रित समयबद्ध रूप से योजना से जुड़ सकें।

# स्वयं सहायता समूहों की शक्ति से सशक्त हो रहा ग्रामीण उत्तर प्रदेश

## राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बना महिलाओं की आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पिछले वर्षों में अनेक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी कदम उठाए गए हैं। "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मूल मंत्र के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तीकरण की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआर-



एलएम) के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अन्त्योदय के विचार और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के राष्ट्र निर्माण के सपनों को आधार बनाकर संचालित यह मिशन ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं को संगठित कर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहा है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2013 से संचालित यह मिशन आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है।

मिशन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों की कम से कम एक महिला सदस्य को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार, कौशल विकास, वित्तीय सहायता एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराना है। इसके अंतर्गत महिलाओं को न केवल संगठित किया जा रहा है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और आर्थिक निर्णय लेने की शक्ति भी प्रदान की जा रही है।

प्रदेश के सभी 75 जनपदों एवं 826 विकास खण्डों में संचालित इस अभियान के अंतर्गत वर्तमान में लगभग 1 करोड़ 19 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों की महिलाओं को 10 लाखसे अधिक स्वयं सहायता समूहों, 66 हजार से अधिक ग्राम संगठनों तथा 3298 संकुल स्तरीय संघों से जोड़ा जा चुका है।

## पैर में गोली लगने से घायल, साथी फरार, 16 किलो संदिग्ध मांस बरामदगी मामले में कार्रवाई

# गोकशी प्रकरण के वांछित आरोपित से पुलिस की मुठभेड़

*अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा ने बताया कि प्रतापपुर अंडरब्रिज के पास चेकिंग के दौरान संदिग्ध बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया। बाइक गिरने के बाद एक आरोपित ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई की। इस दौरान मनोज कुमार के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि घायल आरोपित 30 जुलाई को दर्ज गोकशी प्रकरण में वांछित था। फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। साथ ही, बरामद संदिग्ध मांस की प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद आगे की धाराओं और विधिक कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।*

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में 16 किलो संदिग्ध मांस बरामदगी के बाद दर्ज गोकशी प्रकरण की जांच शनिवार सुबह पुलिस मुठभेड़ तक पहुंच गई। पुलिस के अनुसार, गोकशी मामले में वांछित एक आरोपित पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल आरोपित को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अजीतमल में भर्ती कराया गया है। वहीं, फरार आरोपित की तलाश में पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। शनिवार सुबह प्रतापपुर अंडरब्रिज के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी।




**16 किलो संदिग्ध मांस मिलने के बाद शुरू हुई थी जांच**

पुलिस के मुताबिक, 30 जुलाई की रात क्षेत्राधिकारी अजीतमल के निर्देशन में भीखेपुर क्षेत्र में गश्त के दौरान एक नाबालिग को करीब 16 किलो संदिग्ध मांस के साथ पकड़ा गया था। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने दलेलनगर समेत कई स्थानों पर छापेमारी की थी। बरामद मांस का नमूना पशु चिकित्साधिकारी डॉ. उमेश राजपूत द्वारा जांच के लिए मथुरा स्थित प्रयोगशाला भेजा गया है।

इसी दौरान बाबरपुर की ओर से बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन दोनों बाइक मोड़कर भागने लगे। कुछ दूरी पर स्पीड ब्रेकर के पास उनकी बाइक असंतुलित होकर गिर गई।

पुलिस का आरोप है कि इसके बाद एक आरोपित ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। घटनास्थल से पुलिस ने एक तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद कर कब्जे में ले ली है

बरामद हथियार और वाहन को जांच के लिए भेजते हुए पुलिस ने मामले में साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी प्रकरण में पुलिस गोकशी से जुड़े आरोपितों की तलाश कर रही थी। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई।



### जवाबी कार्रवाई में पैर में लगी गोली

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें मनोज कुमार पुत्र सुरेश चंद्र निवासी रतनीपुर-जगदीशपुर, भीखेपुर, थाना अजीतमल के बाएं पैर में गोली लग गई। वहीं उसका साथी राजा निवासी इस्लामनगर, बाबरपुर मौके से फरार हो गया। घायल मनोज कुमार को तत्काल सीएचसी अजीतमल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई।

## उन्नाव में समाधान दिवस में 140 शिकायतें, 32 का निस्तारण

### डीएम ने कहा- कागजों पर निस्तारण हुआ तो होगी कार्रवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में पुरवा तहसील सभागार में शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 3:30 बजे तक आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। दौरान कुल 140 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 32 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अधिकारियों को शेष मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व और सिंचाई विभाग से संबंधित रहीं। इसके अलावा भूमि विवाद, सड़क, पेयजल, बिजली और पेंशन से जुड़े मामलों पर भी फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं है, उनके लिए संबंधित विभागों की संयुक्त टीम बनाकर तय समय सीमा में कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने भूमि विवादों के निस्तारण के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निष्पक्ष एवं स्थायी समाधान निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।






**फास्ट न्यूज**

### मुद्रा लोन ठगी केस में पीड़ित ने बदला बयान

हरदोई। हरदोई में प्रधानमंत्री मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर हुई कथित ठगी के मामले में नया मोड़ आ गया है। जिस दिलशाद के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी का मुकदमा दर्ज कराया गया था, वही शुक्रवार को शिकायतकर्ता अशोक के साथ एसपी कार्यालय पहुंचा। यहां अशोक ने शपथ पत्र देकर कहा कि उसने बहकावे में आकर दिलशाद का नाम शिकायत में शामिल करा दिया था।

### शुक्लागंज में आंबेडकर प्रतिमा पुनर्स्थापना को जनजागरण अभियान

उन्नाव। शुक्लागंज में विस्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की पुनर्स्थापना के लिए अब जनसंपर्क और जनजागरण अभियान शुरू किया जाएगा। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने शनिवार दोपहर इस अभियान की रूपरेखा साझा की। उन्होंने बताया कि जल्द ही शुक्लागंज में एक संकल्प सभा आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य प्रतिमा की पुनर्स्थापना के लिए व्यापक जनसमर्थन जुटाना है। विधायक ने इस अवसर पर वर्षों के संघर्ष की अधूरी कहानी, हम सब मिलकर बनाएंगे नई निशानी संदेश दोहराया।

### युवक ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश

उन्नाव। उन्नाव के अचलगंज क्षेत्र में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। 108 एंबुलेंस सेवा की त्वरित कार्रवाई से उसकी जान बचाई जा सकी। परिजनों और स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस कर्मियों की तत्परता की सराहना की है। यह घटना शुक्रवार रात करीब दस बजे सुमरहा गांव में हुई। थाना अचलगंज क्षेत्र निवासी लगभग 30 वर्षीय सौरभ सिंह ने घरेलू विवाद के चलते फांसी लगा ली थी।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत

### कन्नौज का रहने वाला था, कोलकाता से माल लेकर दिल्ली जा रहा था

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। गंगा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार तड़के हुए सड़क हादसे में डीसीएम चालक की मौत हो गई। बांगरमऊ क्षेत्र के पास सुबह करीब चार बजे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने डीसीएम को टक्कर मार दी, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान कन्नौज जिले के थाना ठठिया क्षेत्र के होलेपुर निवासी अक्षय शर्मा (37) पुत्र स्वर्गीय कन्हैया लाल शर्मा के रूप में हुई है। अक्षय पेशे से डीसीएम चालक थे और माल ढुलाई का काम करते थे। परिजनों ने बताया कि वह कोलकाता से माल लेकर दिल्ली जा रहे थे, तभी बांगरमऊ के पास यह हादसा हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही अक्षय के परिवार में शोक छा गया। उनकी पत्नी प्रिया और अन्य परिजन तत्काल उन्नाव पहुंचे। परिजनों ने बताया कि अक्षय अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां और एक बेटा है। पुलिस के अनुसार, यह हादसा ट्रेलर की टक्कर से हुआ। हादसे के कारण कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर यातायात भी प्रभावित हुआ, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि अक्षय लंबे समय से मालवाहक वाहन चलाकर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनकी असमय मौत से पत्नी और तीन छोटे बच्चों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।



# बंद कमरे में महिला का शव मिला

### परिजनों से पूछताछ कर सभी पहलुओं की जांच की जा रही

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव जिले के शेर अली खेड़ा गांव में शनिवार तड़के एक महिला का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत मानते हुए हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया महिला की मौत फंदे से लटकने के कारण हुई प्रतीत हो रही है, लेकिन मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस परिजनों, पड़ोसियों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।



### तड़के कमरे में जाने के बाद नहीं मिली कोई प्रतिक्रिया

जानकारी के अनुसार, शेर अली खेड़ा गांव निवासी मालती (40) पत्नी नर्सिंग शनिवार तड़के करीब चार बजे घर के एक कमरे में चली गई थीं। बताया जा रहा है कि उन्होंने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। काफी समय तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने उन्हें कई बार आवाज लगाई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने दरवाजा खोलने का प्रयास किया। कमरे के अंदर का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए। मालती का शव फंदे से लटका हुआ था।

### सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस, शुरू की जांच

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। इसके बाद पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मालती अपने पीछे पति नर्सिंग, दो बेटे और दो बेटियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। अचानक हुई इस घटना से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजन घटना के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके और मौत के संभावित कारणों पर कुछ भी कहने से बचते रहे।

**पुलिस के अनुसार, फिलहाल मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों की बारीकी से जांच की जा रही है।**

# ड्राइवर और ढाई साल के मासूम की मौत

### गंगा एक्सप्रेसवे पर ट्रक से टकराई अर्टिगा कार, 3 की हालत गंभीर

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई जिले के पचदेवरा थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। फतेहपुर गांव के पास तेज रफ्तार अर्टिगा कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में कार चालक और ढाई वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है, जहां दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली में कार्यरत आलोक मिश्रा अपनी पत्नी पूजा मिश्रा, ढाई वर्षीय पुत्र हार्दिक मिश्रा और ससुर जटाशंकर शुक्ला के साथ शुक्रवार रात प्रतापगढ़ जिले के रानीगंज स्थित अपने पैतृक गांव जामताल जा रहे थे। अर्टिगा कार को पवन शुक्ला चला रहे थे। शनिवार सुबह पचदेवरा थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे के पोल संख्या 271 के निकट उनकी कार आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। जबकि अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।



### मासूम को अस्पताल में मृत घोषित किया गया

घटना के बाद चालक को छोड़कर सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाली भेजा गया। वहां चिकित्सकों ने ढाई वर्षीय हार्दिक मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। आलोक मिश्रा, पूजा मिश्रा और जटाशंकर शुक्ला की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार आलोक और पूजा की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।



### कार काटकर बाहर निकाला गया चालक

हादसे में कार के अंदर फंसे चालक पवन शुक्ला को बाहर निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कार को काटकर उन्हें बाहर निकाला गया और तत्काल पाली सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। पाली थाना पुलिस ने चालक पवन शुक्ला और मासूम हार्दिक के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### टक्कर इतनी जबरदस्त कि कार के उड़ गए परखच्चे

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी तेज थी कि अर्टिगा कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# इंटरमीडिएट में 89 प्रतिशत अंक पाने वाले सत्यम सम्मानित

### सनातन धर्म इंटर कॉलेज के 92वें स्थापना दिवस पर 15 हजार नगद पुरस्कार से सम्मानित

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई। सनातन धर्म इंटर कॉलेज के 92वें स्थापना दिवस समारोह में इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले मेधावी छात्र सत्यम राठौर को सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज के पूर्व छात्र राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने 10,000 रुपये और प्रबंधक अशोक कुमार सिंह ने 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया।यह कार्यक्रम शनिवार सुबह 9:00 बजे शुरू होकर पूर्वाह्न 11:30 बजे तक चला। समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन से हुई। इसके बाद प्रधानाचार्य दिवाकर जी ने विद्यालय के संस्थापक पंडित ओमदत्त शर्मा के चित्र और पूर्व प्रबंधक ठाकुर धर्मगज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उप-प्रधानाचार्य अनिल आंबेडकर ने विद्यालय की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 91 वर्ष पूर्व पंडित ओमदत्त शर्मा ने मात्र 46 छात्रों के साथ इस विद्यालय की स्थापना की थी, जो अब एक विशाल संस्थान बन चुका है। वर्तमान में यहाँ 1100 छात्र 34 शिक्षकों और 12 शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मार्गदर्शन में अध्ययन-नरत है। उप-प्रधानाचार्य ने आगे बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल का परिणाम 92 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का परिणाम 89 प्रतिशत रहा है।वरिष्ठ प्रवक्ता राजबीर सिंह ने जानकारी दी कि विद्यालय में मानविकी, विज्ञान और व्यावसायिक वर्गों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। छात्रों ने खेलकूद, शारीरिक शिक्षा और स्काउट-गाइड जैसी गतिविधियों में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसमें शिक्षक हंसराज और अभिषेक का विशेष मार्गदर्शन रहा है।समारोह के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य वी.के. सिंह, ओ.पी. सिंह, आर.के. सिंह, एस.के. मित्तल, त्रिवेणी सिंह गौर, वी.पी. अवस्थी, के.एस. शुक्ला, वीरभानु सिंह यादव, विवेक पाल, विधानचंद्र द्विवेदी, दीपक मिश्र, शिवम, सत्यम और कृष्णा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# छात्राओं को मिला सीपीआर प्रशिक्षण

### हार्ट अटैक में जीवन बचाने के तरीके सिखाए गए, सही तकनीक की जानकारी दी

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में राजधानी मार्ग स्थित श्री प्रकाश ज्वाला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में शनिवार दोपहर छात्राओं और विद्यालय स्टाफ के लिए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. सचिन मिश्रा ने आपातकालीन परिस्थितियों में जान बचाने के लिए सीपीआर की उपयोगिता और सही तकनीक की जानकारी दी। प्रशिक्षण के लिए डॉ. सचिन मिश्रा अपने साथ एक विशेष डमी (पुतला) लेकर पहुंचे। उन्होंने इसी डमी पर सीपीआर की पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन किया, जिससे प्रतिभागियों को समझने में आसानी हुई। डॉ. मिश्रा ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को अचानक हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट हो जाए, तो चिकित्सकीय सहायता पहुंचने तक सही तरीके से दिया गया सीपीआर उसकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने छात्राओं और शिक्षकों को छाती पर दबाव (चेस्ट कंप्रेशन) देने की सही तकनीक समझाई। इसके साथ ही, माउथ-टू-माउथ रेसुसिटेशन की विधि का भी प्रदर्शन किया और बताया कि आपात स्थिति में किस प्रकार प्राथमिक उपचार देकर मरीज को राहत पहुंचाई जा सकती है। डॉ. मिश्रा ने जोर दिया कि सीपीआर का प्रशिक्षण केवल स्वास्थ्यकर्मियों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रत्येक नागरिक को इसकी बुनियादी जानकारी होनी चाहिए। इससे जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाई जा सकेगी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान छात्राओं ने भी डमी पर सीपीआर का अभ्यास किया और विशेषज्ञ से अपने सवाल पूछे। डॉ. मिश्रा ने उन्हें विभिन्न आपात-कालीन परिस्थितियों में घबराने के बजाय सही तरीके से प्राथमिक उपचार देने और तत्काल चिकित्सा सहायता बुलाने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक भरत त्रिवेदी ने डॉ. सचिन मिश्रा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और जीवन रक्षक कौशल विकसित करने में सहायक साबित होते हैं। प्रधानाचार्या नेहा मिश्रा ने सीपीआर जैसी जीवनरक्षक विधि के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। यह प्रशिक्षण कानपुर स्थित सिग्नस नोबल हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया गया था। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



**जनसैलाब :** हर-हर बम के जयघोष के साथ, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, आनंद घाट और मिश्रा कॉलोनी घाट पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# उन्नाव से कांवड़िए लोधेश्वर धाम के लिए रवाना


तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। श्रावण मास के पावन अवसर पर शनिवार सुबह उन्नाव के शुक्लागंज स्थित मिश्रा कॉलोनी घाट और आनंद घाट पर शिवभक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सैकड़ों कांवड़ियों ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर विधि-विधान से गंगाजल भरा और बाराबंकी स्थित प्रसिद्ध लोधेश्वर महादेव मंदिर के लिए पैदल कांवड़ यात्रा पर रवाना हुए। इस दौरान हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। तड़के से ही मिश्रा कॉलोनी और आनंद घाट पर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर कांवड़ में गंगाजल भरा। इसके बाद कांवड़ को कंधों पर उठाकर शिवभक्त शुक्लागंज नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते लोधेश्वर धाम की ओर रवाना हुए। यात्रा में युवाओं के साथ महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। कांवड़ यात्रा के दौरान अधिकांश श्रद्धालु भगवा वस्त्र धारण किए हुए नजर आए। कई जत्थे डीजे पर बज रहे शिव भजनों और बोल बम के गीतों की धुन पर नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे। पूरा यात्रा मार्ग शिवभक्ति के रंग में रंगा दिखाई दिया और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। यात्रा मार्ग, प्रमुख चौराहों, घाटों और संवेदन-शील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई।



### जलाभिषेक कर करेंगे सुख-समृद्धि की कामना

श्रद्धालुओं ने बताया कि वे बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे और परिवार की सुख-समृद्धि, प्रदेश में शांति तथा देश की खुशहाली की प्रार्थना करेंगे। उनका कहना था कि श्रावण मास में कांवड़ यात्रा का विशेष धार्मिक महत्व है और हर वर्ष बड़ी श्रद्धा के साथ इसमें शामिल होते हैं। सुबह से ही दोनों घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। गंगाजल भरने के बाद कांवड़िए अपनी कांवड़ कंधों पर लेकर शुक्लागंज नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते बाराबंकी की ओर बढ़े। इस यात्रा में युवा, बुजुर्ग और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल थीं। कई शिवभक्त भगवा वस्त्र धारण किए हुए थे और डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर आगे बढ़ रहे थे। कांवड़ यात्रा के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की थीं। यात्रा मार्ग पर पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।



### दिनभर रवाना होते रहे कांवड़ियों के जत्थे

शनिवार को दिनभर शुक्लागंज के घाटों से कांवड़ियों के जत्थे गंगाजल लेकर लोधेश्वर धाम की ओर रवाना होते रहे। श्रद्धालुओं की लगातार आवाजाही से नगर का माहौल पूरी तरह शिवमय बना रहा। प्रशासन ने कांवड़ियों से निर्धारित मार्ग का पालन करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

# सम्पादकीय

## चढ़ावा चोरी पर तमाशा




अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए गत दिवस संसद परिसर में जो कुछ किया गया, वह केवल विपक्षी दलों की सतही-सस्ती राजनीति का परिचायक ही नहीं, बल्कि संत समाज और साथ ही हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने वाला भी है। जो हिंदू समाज चढ़ावा चोरी के मामले से पहले ही आहत है, उसे और उद्वेलित करने वाले ये वही लोग हैं, जिन्होंने राम मंदिर बनने का कभी स्वागत नहीं किया। कुछ ने तो उसके उद्घाटन में आमंत्रण को अस्वीकार करने का भी काम किया और इसे उचित भी ठहराया।

अब वे ऐसा दिखा रहे हैं कि चढ़ावा चोरी की घटना से सबसे अधिक दुखी वही हैं। इसके लिए उन्होंने जो स्वांग किया, वह एक तरह से भगवा भेष धारण करने वालों को अपमानित करने वाला ही है। यह ध्यान रहे कि चढ़ावा चोरी में किसी संत का नाम नहीं आया है। दान हड़पने के मामले में जो लोग गिरफ्तार किए गए हैं और जिन पर अपनी जिम्मेदारी का सही तरीके से निर्वाह न करने के आरोप लगे हैं, उनमें से कोई भी साधु नहीं है। इसके बाद भी संसद परिसर में सांसद पप्पू यादव साधु भेष में दान मांगते दिखे। उन्हें दान देने का नाटक राहुल गांधी समेत अन्य अनेक सांसदों ने किया। इनमें मुख्यतः सपा सांसदों की भागीदारी रही। इसके बाद पप्पू यादव दान पात्र लेकर भागते दिखे।

एक गंभीर मामले को फूहड़ तरीके से उठाना यही दिखाता है कि राम मंदिर में चढ़ावा चोरी पर विपक्ष का एकमात्र उद्देश्य तंज कसना और तमाशा खड़ा करना है। इस कोशिश में वह यह देखने को भी तैयार नहीं कि आखिर संत समाज और भगवा को अपमानित करके उसे क्या हासिल होने वाला है? ऐसा काम वही कर सकता है, जो चढ़ावा चोरी के मामले से सही तरह परिचित न हो या फिर जिसका उद्देश्य नारेबाजी की राजनीति करना अथवा संत समाज को अपमानित करना हो।

इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि साधु बनने का स्वांग उन पप्पू यादव ने रचा, जो केवल दागी छवि वाले सांसद ही नहीं हैं, बल्कि उन पर हत्या के प्रयास, अवैध कब्जे करने, रंगदारी मांगने समेत करीब 40 मामले दर्ज हैं। इन मामलों का उल्लेख स्वयं उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में अपने शपथपत्र में किया था।

राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में विपक्ष ने केंद्र सरकार और विशेष रूप से गृहमंत्री अमित शाह को भी कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की। आखिर उनका इस मामले से क्या लेना-देना? क्या वे देश में हर कहीं चोरी-गबन के लिए जिम्मेदार होंगे? स्पष्ट है कि विपक्ष चढ़ावा चोरी प्रकरण का इस्तेमाल केवल राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रहा है। इसमें कोई रोक नहीं, लेकिन किसी मुद्दे को भोंडे ढंग से उठाना ऐसा करने वाले की नीयत पर सवाल उठाता है।

# बहनः संस्कृति, संवेदना और सशक्त भारत की आधारशिला






66 देश के विभिन्न राज्यों से हजारों बेटियों और बहनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय नारी केवल परिवर्तन की साक्षी नहीं, बल्कि परिवर्तन की सबसे बड़ी वाहक है।

रिश्तों की दुनिया में यदि कोई संबंध निस्वार्थ प्रेम, आत्मीयता, विश्वास, त्याग और आजीवन साथ का सबसे सुंदर उदाहरण है, तो वह बहन का रिश्ता है। बहन केवल परिवार की सदस्य नहीं होती, वह घर की संवेदना, संस्कारों की संरक्षिका, परिवार की आत्मा और समाज की मानवीय चेतना की वाहक होती है। राष्ट्रीय बहन दिवस इसी अनुपम रिश्ते के सम्मान, उसकी गरिमा और उसके जीवनदायी योगदान को स्मरण करने का अवसर है। प्रत्येक वर्ष अगस्त के प्रथम रविवार को मनाया जाने वाला यह दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि यदि परिवारों में बहनों का स्नेह और संस्कार जीवित रहेंगे, तभी समाज में समरसता और राष्ट्र में मानवीय मूल्यों की धारा प्रवाहित होती रहेगी। आज जब भौतिकता, प्रतिस्पर्धा और आत्मकेंद्रित जीवनशैली रिश्तों की ऊष्मा को चुनौती दे रही है, तब राष्ट्रीय बहन दिवस केवल एक औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस अमूल्य परंपरा का पुनर्स्मरण है, जहाँ नारी को परिवार की धुरी, संस्कृति की संवाहिका और भविष्य की निर्माता माना गया है। बहन का व्यक्तित्व केवल अपने भाई या परिवार तक सीमित नहीं रहता, वह आने वाली पीढ़ियों के संस्कारों का निर्माण करती है। उसके व्यक्तित्व में करुणा, सहनशीलता, सेवा, संयम और समर्पण जैसे गुण समाज को मानवीय बनाते हैं। इसी व्यापक दृष्टि को साकार करने की दिशा में जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा द्वारा 1 अगस्त 2026 को जैन विश्व भारती, लाडनूं में राष्ट्रसंत आचार्य श्री महाश्रमणजी की मंगल सन्निधि में आयोजित 'बेटी तेरापंथ की' चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी अध्याय बनकर उभरा। राष्ट्रीय बहन दिवस की भावना के अनुरूप आयोजित यह सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि नारी चेतना, बहन संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों के पुनर्जागरण का सशक्त अभियान था। सम्मेलन में उपस्थित प्रत्येक बेटी और बहन अपने साथ केवल उत्साह नहीं लाई थी, बल्कि संस्कार, सेवा, नेतृत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व का एक नया संकल्प लेकर आई थी। यह दृश्य भारतीय संस्कृति के उस उज्ज्वल भविष्य का संकेत था, जिसमें नारी केवल सम्मान की पात्र नहीं, बल्कि समाज-निर्माण की सक्रिय भागीदार है। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहाँ नारी सशक्तिकरण को केवल अधिकारों की भाषा में नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व, संस्कार, नेतृत्व और आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ा गया। आधुनिकता और परंपरा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वास्तविक सशक्तिकरण वही है जो व्यक्ति को आत्मविश्वासी बनाए, परिवार को सुदृढ़ करे, समाज को संगठित करे और राष्ट्र को ऊँचाइयों तक ले जाए। राष्ट्रसंत आचार्य श्री महाश्रमणजी के प्रेरणादायी सान्निध्य ने इस सम्मेलन को आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की। आचार्यश्री का संपूर्ण जीवन नारी गरिमा, नैतिक मूल्यों, शिक्षा, आत्मानुशासन और मानवीय चेतना के विकास के लिए समर्पित रहा है। उनके मार्गदर्शन में चल रहे अनेक कार्यक्रमों ने समाज में यह विश्वास जगाया है कि नारी केवल घर की शक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र के चरित्र निर्माण की आधारशिला है। उनके संदेशों में बार-बार यह भाव उभरता है कि यदि नारी शिक्षित, संस्कारित, आत्मविश्वासी और मूल्यनिष्ठ होगी तो परिवार, समाज और राष्ट्र स्वयं सुदृढ़ बन जाएगा। इस अवसर पर जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के अध्यक्ष श्री महेंद्र नाहटा ने अत्यंत सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए कहा कि 'नारी के बिना राष्ट्र की प्रगति अधूरी है। जिस समाज ने अपनी बेटियों और बहनों को अवसर, सम्मान और संस्कार दिए हैं, वही समाज स्थायी विकास की दिशा में आगे बढ़ा है। आचार्य श्री महाश्रमणजी के मार्गदर्शन में चल रहे नारी उत्थान के विविध कार्यक्रम केवल महिलाओं को सशक्त नहीं बना रहे, बल्कि पूरे समाज में नैतिक जागरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आधार बन रहे हैं।' उन्होंने कहा कि 'बेटी तेरापंथ की' केवल एक सम्मेलन नहीं, बल्कि ऐसी वैचारिक यात्रा है जो बेटियों और बहनों को आत्मगौरव, नेतृत्व, सेवा और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ रही है। वास्तव में भारत की आत्मा उसकी संस्कृति में बसती है और भारतीय संस्कृति का सबसे सुंदर स्वरूप उसके पारिवारिक संबंधों में दिखाई देता है। बहन का रिश्ता केवल राखी के धागे तक सीमित नहीं है, वह विश्वास, सहयोग, प्रेरणा और नैतिक शक्ति का ऐसा सूत्र है जो परिवारों को टूटने नहीं देता। यदि हर बेटी अपने संस्कारों से एक परिवार को प्रकाशित करती है, तो हर बहन अपने व्यवहार से समाज में संवेदनाओं का विस्तार करती है। आज आवश्यकता केवल महिलाओं को अवसर देने की नहीं, बल्कि उन्हें निर्णय प्रक्रिया, सामाजिक नेतृत्व, सांस्कृतिक संरक्षण और राष्ट्रीय विकास के केंद्र में स्थापित करने की है। जब बेटियां शिक्षा, संस्कार, आत्मनिर्भरता और आध्यात्मिक दृष्टि से समृद्ध होंगी, तभी भारत विश्वगुरु बनने की अपनी कल्पना को वास्तविकता में बदल सकेगा। आर्थिक विकास महत्वपूर्ण है, परंतु नैतिक विकास उसके बिना अधूरा है। और इस नैतिक विकास की सबसे बड़ी वाहक हमारी बेटियां और बहनें ही हैं। राष्ट्रीय बहन दिवस का वास्तविक संदेश भी यही है कि हम बहनों को केवल शुभकामनाएँ देकर अपने दायित्व की इतिश्री न समझें, बल्कि उन्हें शिक्षा, सम्मान, समान अवसर, सुरक्षा और नेतृत्व के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करें। परिवारों में बेटियों को निर्णय लेने का अवसर मिले, समाज में उनकी प्रतिभा को मंच मिले और राष्ट्र उन्हें विकास की साझेदार बनाएक्रृयही इस दिवस की सार्थकता है। 'बेटी तेरापंथ की' सम्मेलन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब धार्मिक संस्कार, सामाजिक चेतना और आधुनिक नेतृत्व एक साथ चलते हैं, तब परिवर्तन केवल विचारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह जीवन का आंदोलन बन जाता है। यह सम्मेलन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा और यह संदेश देता रहेगा कि बहन केवल रिश्ते का नाम नहीं, बल्कि संस्कृति की सबसे सशक्त प्रतिनिधि है।

**ललित गर्ग**

# तेरापंथ में नव सौरभ का आगमन

अप्रकंप पुरुषार्थ के धनी , अलौकिक व्यक्तित्व, युगपुरूष , महान दार्शनिक , विश्व शान्ति के दीप, महान साधक युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के अमृत वचनों से तेरापंथ में नव सौरभ का आगमन हुआ हैं । सोमवार का दिन मानों सम्पूर्ण तेरापंथ धर्मसंघ के लिए किसी स्वर्णिम दिवस से कम न था। इस स्वर्णिम दिन और स्वर्णिम सुअवसर को वर्तमान अधिशास्ता युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी ने और सुनहरे अवसर के रूप में परिवर्तित कर दिया जब युगप्रधान अनुशास्ता ने महामना भिक्षु स्वामी के जन्म दिवस व बोधि दिवस के दौरान अपने मंगल उद्बोधन में पावन पाथेय प्रदान करने के उपरान्त युवाचार्य श्री के नाम की घोषणा की । आचार्य श्री भिक्षु के पट्टधर वर्तमान् के भिक्षु आचार्य श्री महाश्रमण जी ने आषाढ़ शुक्ला त्रयोदशी विक्रम संवत् 2083 को (27-7-2026) ) को युवाचार्य के रूप में मुख्य सुशिष्य मुनि श्री महावीर कुमार जी को उत्तराधिकारी के रूप में युवाचार्य पद पर नियुक्त कर तेरापंथ में नव सौरभ का आगमन का कर दिया । करीब 250 वर्षों पूर्व महामना भिक्षु स्वामी ने जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ की स्थापना की और उन्होंने अपने युवाचार्य के रूप में आचार्य श्री भारमलजी को चुना और वे ही तेरापंथ धर्मसंघ के द्वितीय आचार्य बने। इस प्रकार तेरापंथ धर्मसंघ में यह परंपरा चली कि वर्तमान् के आचार्य अपने भावी उत्तराधिकारी का प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में अथवा युवाचार्य के रूप में घोषित कर देता है। वहीं युवाचार्य आगे चलकर तेरापंथ धर्मसंघ का नेतृत्वकर्ता बन सकता है। यह आचार्य परंपरा गतिमान होते हुए वर्तमान में ग्यारहवें आचार्य, युगप्रधान, महातपस्वी आचार्यश्री महाश्रमणजी के साथ चल रही है। आचार्य श्री महाश्रमण जी ने परंपरानुसार नवनियुक्त युवाचार्य श्री महावीरकुमारजी को अपने हाथों से उत्तरीय ओढ़ाते हुए कहा कि ये आचार्य श्री भिक्षु की परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास करते रहें।

> प्रदीप छाजेड़

## यह राशि सीधे बैंक...

आदर अदीब पावेल बन्धु

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : सामाजिक समरसता और आर्थिक सहयोग की एक सशक्त पहल

भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं बल्कि दो परिवारों, संस्कृतियों और परंपराओं का संगम होता है। किन्तु समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए विवाह एक बड़ी चुनौती बन जाता है। बढ़ते खर्च, सामाजिक दबाव और परंपरागत रीति-रिवाजों के कारण गरीब परिवारों को अपनी बेटियों के विवाह में भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अक्टूबर 2017 को ₹मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना₹ का शुभारंभ किया गया है। यह योजना न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि समाज में समानता, सादगी और सामूहिकता की भावना को भी बढ़ावा देती है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराना है। इसके अंतर्गत सरकार एक ही स्थान पर कई जोड़ों का सामूहिक विवाह कराती है, जिससे विवाह में होने वाला अनावश्यक खर्च कम होता है। इसके साथ ही यह योजना दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं, गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करना, विवाह में सादगी को बढ़ावा देना, दहेज प्रथा पर रोक लगाना, सामाजिक समरसता और समानता को बढ़ावा देना, महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को सुनिश्चित करना इस योजना के मुख्य उद्देश्य हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की कई महत्वपूर्ण विशेषताएँ है, जो इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बनाती हैं। इसमें पात्र को अब रू0 1 लाख तक (जिसमें रू० 35,000-रू0 60,000 नकद, रू0 10,000 रू0 25,000 का सामान, और शेष आयोजन खर्च के लिए) आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

यह राशि सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है। सामूहिक आयोजन में विवाह समारोह एक ही स्थान पर कई जोड़ों के साथ आयोजित किया जाता है। इसमें सभी धार्मिक रीति-रिवाजों का ध्यान रखा जाता है।

राज्य सरकार द्वारा दुल्हन को विवाह के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कपडे, आभूषण, घरेलू उपयोग की वस्तुएँ आदि भी उपलब्ध कराई जाती है।

यह योजना सभी धर्मों और वर्गों के लोगों के लिए खुली है, जिससे सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। पात्र लाभार्थी ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

पात्रता मानदंड के अंतर्गत आवेदक राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए, परिवार की आय निर्धारित सीमा से कम होनी चाहिए, विवाह योग्य आयु (लड़की 18 वर्ष और लड़का 21 वर्ष) पूरी होनी चाहिए, परिवार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (BPL या अन्य श्रेणी) में आता हो इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ आवश्यक पात्रता शर्तें निर्धारित की गई है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अनेक सामाजिक और आर्थिक लाभ हैं जैसे गरीब परिवारों को विवाह के लिए कर्ज लेने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे वे आर्थिक संकट से बच जाते हैं। सामूहिक विवाह के कारण दहेज की मांग स्वतः कम हो जाती है, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। इस योजना के तहत सभी वर्गों के लोग एक साथ विवाह करते हैं, जिससे भेदभाव कम होता है। सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद करती है। यह योजना भव्यता के बजाय सादगीपूर्ण विवाह को प्रोत्साहित करती है।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने समाज पर गहरा सकारात्मक प्रभाव डाला है। पहले जहां गरीब परिवार अपनी बेटियों के विवाह के लिए चिंतित रहते थे, अब उन्हें एक सुरक्षित और सम्मानजनक विकल्प मिल गया है। यह योजना सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। सामूहिक विवाह में दहेज की परंपरा कम हो जाती है। विभिन्न जाति और धर्म के लोग एक मंच पर आते हैं। आर्थिक सहायता से गरीब परिवारों की स्थिति बेहतर होती है।

व्यापक प्रचार-प्रसार, पारदर्शी व्यवस्था और डिजिटल भुगतान, समाज में जागरूकता अभियान चलाना इस योजना की महत्वपूर्ण चुनौतियां एवं सुझाव हैं। निसंदेह, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एक ऐसी पहल है, जो समाज के कमजोर वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। यह न केवल आर्थिक सहायता प्रदान करती है, बल्कि सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और समानता स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि इस योजना का प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन किया जाए और अधिक से अधिक लोगों तक इसकी जानकारी पहुँचाई जाए, तो यह समाज में एक नई दिशा प्रदान कर सकती है। अंततः यह योजना ₹सादगी, समानता और सम्मान₹ के सिद्धांतों पर आधारित एक प्रेरणादायक कदम है, जो न केवल गरीब परिवारों के लिए सहारा है बल्कि पूरे समाज के लिए एक आदर्श भी प्रस्तुत करती है।

## पंचायतों को ...

डॉ0 सीमा गुप्ता

# 'मिशन पंचनद' से साकार होती जनपद इटावा की आत्मनिर्भर एवं सशक्त ग्राम पंचायतों की संकल्पना

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचल में सर्वांगीण विकास, सुशासन और आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में एक ऐतिहासिक बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। प्रदेश सरकार के दूरदर्शी निर्देशों के अनुपालन में जनपद इटावा के पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित 'मिशन पंचनद' राज्य की ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर, सशक्त और तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के लिए एक क्रांतिकारी पहल के रूप में उभरा है। इस बहुआयामी योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्कृष्ट उपयोग करते हुए पंचायतों को केवल सरकारी अनुदान पर निर्भर रहने वाली संस्था से बदलकर स्वयं के राजस्व स्रोतों से सुसज्जित एक सक्षम और वित्तीय रूप से स्वावलंबी इकाई के रूप में विकसित करना है।

उत्तर प्रदेश शासन की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप जनपद इटावा के ग्रामीण परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए पंचायती राज विभाग और जिला प्रशासन के माध्यम से ग्राम पंचायतों को सुदृढ़ बनाने का एक व्यावहारिक खाका तैयार किया गया है। 'मिशन पंचनद' के अंतर्गत मुख्य रूप से पांच प्रमुख स्तंभों- वित्तीय स्वावलंबन, सुशासन, डिजिटल एवं तकनीकी समावेश, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता को केंद्र में रखकर ग्रामीण सशक्तीकरण की नींव रखी गई है। इस मॉडल के तहत गांवों में ही स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि ग्रामीण निवासियों को अपनी आजीविका के लिए शहरों की ओर पलायन न करना पड़े।

ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय आत्मनिर्भरता को गति देने के लिए ग्राम पंचायतों को अपनी स्वयं की आय (ऑन सोर्स रेवेन्यू-ओएसआर) बढ़ाने के नए अवसर प्रदान किए गए हैं। इसके अंतर्गत जनपद इटावा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत भूमि पर व्यावसायिक दुकानों एवं पंचायत उद्योग केंद्रों का निर्माण कराया गया है। पंचायत परिसंपत्तियों के इस योजनाबद्ध और पारदर्शी उपयोग से न केवल ग्राम पंचायतों को नियमित आय प्राप्त हो रही है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अनेक नए अवसर भी सृजित हुए हैं। यह व्यवस्था पंचायतों के वित्तीय संतुलन को दीर्घकालिक रूप से मजबूत करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

जनपद इटावा के अंतर्गत इन व्यावसायिक परिसरों के संचालन की मुख्य जिम्मेदारी 'महिला स्वयं सहायता समूहों' को सौंपी गई है। इस व्यवस्था से एक तरफ जहां ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने का सुदृढ़ मंच मिला है, वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायतों की वित्तीय स्थिति में निरंतर सुधार दर्ज किया जा रहा है। महिला समूहों को प्रबंधन सौंपने से इन व्यावसायिक इकाइयों का निष्पादन अत्यंत अनुशासित और पारदर्शी रहा है। विकास खंड बढ़पुरा की ग्राम पंचायत 'जैतपुर जमुनापार' में स्थापित 'पंचनद ग्रामीण बाजार' इस नवाचार का एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां सात दुकानों का निर्माण कराकर उन्हें महिला समूहों को संचालित करने हेतु आवंटित किया गया है। इन दुकानों के माध्यम से पेंट एवं पशु आहार, खाद-बीज, सोलर उत्पाद, ब्यूटी पार्लर, बुटीक तथा जनरल स्टोर जैसे विविध व्यवसाय सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं।

## जरा हटके

## आर्थिक विकास ...

जयेन्द्र सिंह, सहयुक्त संपादक

# उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेज़ी से अग्रसर



उत्तर प्रदेश आज केवल देश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य ही नहीं है, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा इंजन बनने की दिशा में भी तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। गत 09 वर्षों में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने जिस प्रकार कानून-व्यवस्था, आधारभूत संरचना, निवेश, औद्योगिक विकास, कृषि, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा वित्तीय अनुशासन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार किए हैं, उसने उत्तर प्रदेश को देश की सबसे तेज़ी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल कर दिया है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 39.8 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है, जो वर्ष 2025-26 के संशोधित अनुमान की तुलना में लगभग 28 प्रतिशत की वृद्धि होगी। यह वृद्धि केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की बदलती आर्थिक संरचना, सुशासन और दीर्घकालिक विकास नीति का प्रमाण है। राज्य सरकार ने वर्ष 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह लक्ष्य महत्वाकांक्षी अवश्य है, लेकिन वर्तमान विकास की गति और नीति-आधारित प्रयासों को देखते हुए पूरी तरह व्यवहारिक भी है।

एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य केवल उत्पादन बढ़ाने तक सीमित नहीं है। इसका अर्थ है कि राज्य के प्रत्येक क्षेत्र में संतुलित विकास हो, रोजगार के नए अवसर सृजित हों, उद्योगों का विस्तार हो, किसानों की आय में वृद्धि हो, युवाओं को आधुनिक कौशल प्राप्त हो तथा निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जाए। इसी व्यापक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने अपने विकास का बहुआयामी मॉडल तैयार कर क्रियान्वयन शुरू कर दिया है।

प्रदेश सरकार ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण जैसे कोर सेक्टरों की पहचान की है। इसके साथ ही शिक्षा, कौशल विकास, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना तथा शहरी विकास को भी समान रूप से महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सरकार केवल औद्योगिक विकास तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि मानव संसाधन और सामाजिक विकास को भी आर्थिक प्रगति का आधार मानती है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। राज्य की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है। इसलिए कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक, बेहतर बाजार व्यवस्था तथा मूल्य संवर्धन से जोड़ना राज्य की आर्थिक रणनीति का अभिन्न अंग है। कृषि के साथ खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण तथा आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति दी जा रही है। इसी प्रकार आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को भविष्य की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार माना गया है। डिजिटल तकनीक, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन तथा आधुनिक औद्योगिक इकाइयों के विस्तार से न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशकों के लिए भी एक आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित होगा।

आर्थिक विकास केवल उद्योगों से संभव नहीं होता। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कुशल मानव संसाधन भी आवश्यक हैं। इसी कारण शिक्षा एवं कौशल विकास को भी प्रमुख विकास क्षेत्रों में शामिल किया गया है। प्रशिक्षित और दक्ष युवा ही आधुनिक उद्योगों, सेवा क्षेत्र तथा नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की वास्तविक शक्ति बन रहे हैं। इसी प्रकार स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश उत्पादक मानव संसाधन तैयार करने हेतु आवश्यक सेवाओं से मानव शक्ति तैयार की जा रही है।

ऊर्जा और आधारभूत संरचना किसी भी विकसित अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती हैं। पर्याप्त ऊर्जा उपलब्धता, बेहतर सड़क संपर्क, आधुनिक परिवहन प्रणाली तथा विकसित शहरी सुविधाएँ निवेश आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उत्तर प्रदेश ने इन्हीं क्षेत्रों में निरंतर निवेश कर विकास की मजबूत नींव तैयार की है।

आज 05 अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों सहित 17 क्रियाशील हवाई अड्डों वाला उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक हवाई अड्डों वाला राज्य बन चुका है। इसके साथ ही राज्य के पास देश का सबसे लंबा एक्सप्रेसवे नेटवर्क भी उपलब्ध है। यह उपलब्धि केवल परिवहन सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि निवेश, पर्यटन, उद्योग, व्यापार और रोजगार को नई गति देने वाली आधारभूत संरचना का निर्माण भी है। बेहतर कनेक्टिविटी किसी भी अर्थव्यवस्था की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाती है तथा उत्पादन लागत को कम करती है।

राज्य सरकार को विश्वास है कि जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन से राज्य की अर्थव्यवस्था को और अधिक गति मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हवाई संपर्क व्यवस्था निर्यात, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन तथा औद्योगिक निवेश के लिए नए अवसर उपलब्ध कराएगी। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे राज्य को आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश की विकास रणनीति की एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता क्षेत्रीय संतुलन है। राज्य को चार प्रमुख क्षेत्रों पश्चिमी, पूर्वी, मध्य तथा बुंदेलखंड में विभाजित कर प्रत्येक क्षेत्र की आवश्यकताओं और संभावनाओं के अनुरूप अलग-अलग विकास रणनीति तैयार की जा रही है।

# गर्लफ्रेंड ने सुसाइड कर लिया था, मां का आरोप- अधिकारियों से संबंध बनाने को कहता था

# नायब तहसीलदार पर यौन-उत्पीड़न की एफआईआर

**वारदात**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

जौनपुर। यूपी के जौनपुर में नायब तहसीलदार पर शादी का झांसा देकर यौन उत्पीड़न-आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज हुआ है। महिला की मौत के 5 महीने बाद मां की शिकायत पर गुरुवार रात मुकदमा दर्ज किया गया। मां का आरोप है कि विवेक ने बेटी से कहा कि वह पति से तलाक ले ले, फिर दोनों शादी कर लेंगे। उस समय विवेक अविवाहित था। उसके कहने पर बेटी ने डेढ़ साल पहले पति से तलाक के लिए कोर्ट में केस दाखिल कर दिया। इस दौरान विवेक का उसके कमरे पर आना-जाना और साथ घूमने जाना जारी रहा। एक साल पहले विवेक का तबादला जौनपुर के मछलीशहर में नायब तहसीलदार के पद पर हो गया। बेटी 15-20 दिन के अंतराल पर उससे मिलने जाती थी। शुरुआत में सब ठीक रहा, लेकिन बाद में विवेक ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। आरोप है कि वह घूमाने के बहाने ले जाता और अश्लील वीडियो बनाता था। मां का आरोप है कि विवेक उस पर तहसील में तैनात अपने साथियों से संबंध बनाने का दबाव डालता था। प्रताड़ना से तंग आकर बेटी ने 9 मार्च, 2026 को मायके में जान दे दी एसपी ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने बताया- केराकत में तैनात नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।



**एडीएम परमानंद झा ने कहा- पीड़ित पक्ष ने नायब तहसीलदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। जांच हो रही है। जांच में अगर सही पाया जाएगा तो कार्यवाही की जाएगी। एसपी ग्रामीण आतिश कुमार सिंह ने बताया- केराकत में तैनात नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच मीरगंज थाना प्रभारी को सौंपी गई है।**

**66 मां ने आरोप लगाया- नायब तहसीलदार ने शादी का झांसा देकर बेटी से संबंध बनाए, फिर साथी अफसरों से संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर बेटी ने जान दे दी। मामला जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर मीरगंज थाना क्षेत्र का है। आरोपी नायब तहसीलदार वर्तमान में केराकत तहसील में तैनात है। महिला ने 9 मार्च, 2026 को मायके में जान दे दी थी।**



## मां बोली- बेटी को शादी का झांसा देकर फंसाया


*मीरगंज के एक गांव की रहने वाली महिला ने गुरुवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 2014 में बेटी की शादी बरसठी के एक गांव में की थी। शादी के बाद बेटी को एक बेटी हुई, जिसकी उम्र 10 साल है। बेटी का पति सूरत में नौकरी करता था। दो साल पहले 2024 में उनकी बेटी अपनी बच्ची के साथ सुल्तानपुर शिफ्ट हो गई। सुल्तानपुर में उसकी बड़ी बहन रहती थी। बेटी किराए पर कमरा लेकर रहने लगी। इसी दौरान उसकी जान पहचान सुल्तानपुर के गोरा बारीक गांव निवासी विवेक श्रीवास्तव से हुई। उस वक्त विवेक राजस्व विभाग में कानूनगो था। बाद में प्रमोट होकर नायब तहसीलदार बन गया। विवेक और बेटी की धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ गईं। विवेक बेटी के कमरे पर आने लगा। आरोप है कि उसने शादी का झांसा देकर उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इसके बाद पति से संबंध खराब करने के लिए बेटी को उकसाया।*

# दैनिक समाचार पत्र 'तमसा संकेत' का असर

## पानीगांव में ट्रांसफार्मर की खराबी दूर, बिजली आपूर्ति हुई सुचारु

**तमसा सकेंत, संवाददाता**

मथुरा। दैनिक समाचार पत्र 'तमसा संकेत' में पानीगांव की बिजली समस्या प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद बिजली विभाग हरकत में आ गया। लक्ष्मीनगर फीडर के अंतर्गत ट्रांसफार्मर की एमसीबी बार-बार ट्रिप होने और लगातार बिजली कटौती की शिकायत पर एसडीओ लक्ष्मीनगर अजित सिंह के निर्देश पर जेई देवकरन सिंह ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी खराबी दूर कराई। इसके बाद बिजली आपूर्ति सामान्य हो गई। का कहना था कि लंबे समय से समस्या बनी हुई थी और 1912 पर शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हो रहा था। लगातार अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन भी किया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए समस्या का निस्तारण कराया।



एसडीओ अजित सिंह ने बताया कि बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चार्ज होने से ट्रांसफार्मर पर अतिरिक्त लोड पड़ रहा था, जिससे एमसीबी ट्रिप हो रही थी।

उन्होंने लोगों से आवश्यकता अनुसार ही बिजली का उपयोग करने तथा बिजली चोरी से बचने की अपील की, ताकि विद्युत आपूर्ति सुचारु बनी रहे।

**फास्ट न्यूज**

### सिख काउंसिल ने शहीद उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

बाराबंकी। बाराबंकी में निडर क्रांतिकारी और महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद उधम सिंह के बलिदान दिवस पर सिख काउंसिल ऑफ इंडिया ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।

यह कार्यक्रम शनिवार को संगठन के प्रधान कार्यालय में हुआ। पदाधिकारियों और सदस्यों ने शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कैंडल जलाकर उनके अदम्य साहस व राष्ट्रभक्ति को नमन किया।

### समाधान दिवस, 197 शिकायतें मिलीं

गाजियाबाद। गाजियाबाद में शासन के निर्देश पर शनिवार को तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में अधिकारियों ने जन शिकायतें सुनीं और उनके समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 197 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। सदर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। यहां 55 शिकायतें दर्ज की गईं।

### भाई ने नाबालिग बहन को काट डाला

सीतापुर। यूपी के सीतापुर में भाई ने 17 साल की बहन की हत्या कर दी। बहन को दौड़ाकर गले पर बांके से हमला किया। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। इसके बाद भी आरोपी ने कई वार किए। बेटी की चीख सुनकर मां दौड़कर पहुंची। उन्हें देखकर आरोपी भाई (22) भाग गया। पुलिस जांच में पता चला है कि 9 दिन पहले नाबालिग लड़की गांव के ही रहने वाले प्रेमी के साथ चली गई थी।

## लखीमपुर में मगरमच्छ गांव में पहुंचा, जाल में फंसा अजगर

# बरेली में बारिश, बलिया में नदी में 9 मकान समाए

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज/कानपुर। यूपी में मानसून की रफ्तार फिलहाल सुस्त पड़ गई है। पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों को छोड़कर प्रदेश के बाकी इलाकों में बारिश थम गई है। शनिवार सुबह 6:30 बजे बरेली में तेज बारिश हुई। वहीं, लखनऊ, कानपुर और गोरखपुर समेत कई शहरों में बादल छाए रहे। तेज ठंडी हवाएं चलीं। उधर, पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश से गंगा, घाघरा और सरयू समेत 10 नदियां उफान पर हैं। वाराणसी में घाटों की सीढ़ियां डूब गई हैं। मंदिरों में पानी घुस गया है। बलिया में सरयू नदी के कटान की चपेट में आकर एक ही दिन में 9 मकान नदी में समा गए, जबकि 100 से ज्यादा परिवार अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने को मजबूर हो गए। लखीमपुर खीरी की नहर में शुक्रवार को फिर मगरमच्छ दिखा। इससे आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। एक हफ्ते पहले इसी इलाके में मगरमच्छ ने एक कुत्ते का शिकार किया था। वहीं, एक दूसरे गांव में खेत के पास लगे जाल में 12 फीट लंबा अजगर फंस गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र अब ओडिशा और छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ गया है।

**71 शहरों में अलर्ट**








■ **लखीमपुर में खेत में लगे जाल में 12 फीट लंबा अजगर फंस गया। वन विभाग की टीम ने अजगर को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा।**

# चढ़ावा चोरी का 'नाटक' करने पर राहुल-पप्पू यादव पर एफआईआर

## लखनऊ में हिंदूवादी नेता बोला- पप्पू यादव का सिर लाने वाले को 51 लाख देंगे

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/वाराणसी। दिल्ली में संसद भवन के बाहर राम मंदिर चढ़ावा चोरी के 'नाटक' को लेकर यूपी में विवाद बढ़ता जा रहा है। शनिवार को लखनऊ, वाराणसी, मथुरा समेत कई शहरों में विरोध-प्रदर्शन हुआ। वाराणसी में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, सपा सांसद अवधेश प्रसाद और बिहार के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव पर FIR दर्ज हुई है। ये FIR पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु बालक दास ने कोतवाली थाने में कराई है। लखनऊ में 'सनातन रक्षा संगठन' ने पप्पू यादव की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली। राहुल-अखिलेश के मुखौटे पहने लोगों पर चप्पलें बरसाईं। संगठन ने पप्पू यादव का सिर लाने वाले को ₹51 लाख देने का ऐलान किया। वहीं, मथुरा में साधु-संतों ने राहुल गांधी और पप्पू यादव की संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की। शुक्रवार को संसद के बाहर पप्पू यादव ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर प्रदर्शन किया। इसमें पप्पू यादव पुजारी के वेश में दानपेटी लेकर पहुंचे। इसमें राहुल गांधी ने चंदा डाला था। इसके बाद 'चोरी पकड़े जाने' का नाटक करते हुए अवधेश प्रसाद समेत कई विपक्षी सांसदों ने पप्पू यादव की सांकेतिक पिटाई कर दी थी। लखनऊ में सनातन रक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुरोध राय ने चेतावनी देते कहा- पप्पू यादव के पापों का अंत हो गया है। सजा का समय आ गया है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी सनातन विरोधी हैं। अगर इन लोगों ने माफी नहीं मांगी तो सनातन रक्षा संगठन जुबान खींचकर खूंटे से बांध देगा। संगठन के सदस्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित ने कहा- पप्पू यादव ने जो नौटंकी की है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वो जहां नजर आएगा, उसे गंजा कर चप्पल से पीटा जाएगा। कल जो कुछ भी हुआ, वह भगवान राम का अपमान है। वहां पर यह दर्शाने की कोशिश की गई थी कि राम मंदिर में सभी लोग चोर हैं।




■ **डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल से मिलकर संतों ने तहरीर दी।**

■ **लखनऊ में श्रीराम टावर से गांधी प्रतिमा तक पप्पू यादव की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली गई।**

## पड़ोस की लड़कियों ने खिड़की से देखा शव, परिजनों के सामने तोड़ा दरवाजा

# महिला बैंककर्मी फांसी पर लटकी



■ प्रतिभा राणा, मृतक

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मुरादाबाद। मुरादाबाद में एक्सिस बैंक की 26 साल की कर्मचारी ने किराए के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। शनिवार दोपहर पड़ोस में रहने वाली लड़कियों ने खिड़की से झांककर देखा तो वह फंदे से लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए कमरे का दरवाजा तुड़वाया और शव को नीचे उतारा। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की इंद्रप्रस्थ कॉलोनी की है। मृतका की पहचान प्रतिभा राणा (26) निवासी पुष्कर नगर, अमरोहा के रूप में हुई है। वह पिछले करीब एक साल से इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में किराए पर रह रही थीं और एक्सिस बैंक के लोन विभाग में कार्यरत थीं।

### परिजनों को बुलाकर खुलवाया कमरा

पुलिस मौके पर पहुंची तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने पहले परिजनों को सूचना दी। उनके पहुंचने के बाद वीडियोग्राफी कराते हुए दरवाजा तुड़वाया गया। शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हो सकी है। पुलिस मोबाइल फोन समेत अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### काफी देर तक बाहर नहीं निकली

प्रतिभा के बगल के कमरे में रहने वाली पूनम और निशा ने बताया कि शनिवार को काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं निकलीं।

शक होने पर दोनों ने रसोई की खिड़की से अंदर देखा तो प्रतिभा का शव फंदे से लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

# बुजुर्ग का शव मिला, हत्या का आरोप

## आंख-मुंह पर चोट के निशान थे, ऐंठ गए थे हाथ-पैर

**तमसा संकेत, एजेंसी**

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में शनिवार दोपहर तीन बजे 65 साल के बुजुर्ग का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। परिजनों ने जमीन विवाद में पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ बल्दीराय आशुतोष कुमार ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

परिजनों और आसपास के लोगों से मामले की जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र का है। परिजनों के मुताबिक, शव मिलने के समय राम सुंदर के मुंह से खून निकल रहा था और आंख पर चोट के निशान थे। उनका आरोप है कि गांव के जहीर, अनवर, मोबीन, रियासत समेत अन्य लोगों ने जमीनी विवाद के चलते उनकी हत्या कर शव वहां फेंक दिया। परिजनों का कहना है कि जिस भूखंड के पास शव मिला है, उसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था।

पुलिस ने बताया कि मृतक के हाथ और पैर ऐंठे हुए मिले हैं, जिससे मौत के कारणों को लेकर कई पहलुओं पर जांच की जा रही है। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए।



**कल्याणपुर मजरे नटौली गांव निवासी राम सुंदर कोरी (65) शनिवार सुबह 8 बजे परिजनों के खेत पर जाने के बाद घर से शौच के लिए निकले थे। दोपहर में जब परिवार के लोग खेत से लौटे और वह घर पर नहीं मिले तो उनकी तलाश शुरू की गई। करीब 200 मीटर दूर नहर के पास बांस की कोठ के पास उनका शव पड़ा मिला।**



### सात बेटों और एक बेटी का भरा-पूरा परिवार

राम सुंदर कोरी खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। वह अपने पीछे सात बेटे— शिवनाथ, विश्वनाथ, श्रीनाथ, रघुनाथ, प्रभूनाथ, शंकर नाथ और सरयू नाथ और एक बेटी कमलेश को छोड़ गए हैं।


पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की शिकायत और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**विरोध : कहा- बच्चों से माफी मांगे, नाम बदलने की राजनीति बंद करे भाजपा**

# कांग्रेस सांसद पुनिया ने सरकार पर बोला हमला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

बाराबंकी। बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने शनिवार को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार पर कई मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने नोएडा की नाबालिग छात्रा पर दर्ज जीरो एफआईआर, भदोही जिले का नाम बदलने, जम्मू-कश्मीर में बढ़ते आतंकी हमलों और अयोध्या चंदा प्रकरण को लेकर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। भदोही जिले का नाम बदलकर ₹संत रविदास नगर₹ किए जाने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि सरकार विकास, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए नाम बदलने की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान वाले स्थानों के नाम बदलकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस सांसद ने नोएडा की नाबालिग छात्रा पर दर्ज जीरो एफआईआर के मामले का उल्लेख करते हुए कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकी हमलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। तनुज पुनिया ने अपने संबोधन में अयोध्या चंदा प्रकरण का मुद्दा भी उठाया और इस मामले में पारदर्शिता सुनिश्चित किए जाने की मांग की।



### नाबालिग पर एफआईआर को बताया गलत

सांसद पुनिया ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित बयानबाजी के आरोप में 15 वर्षीय छात्रा पर एफआईआर दर्ज करना उचित नहीं है। उनका कहना था कि बच्चों पर मुकदमा दर्ज करने के बजाय सरकार को उनसे माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में कई बार छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज और रबर बुलेट चलाने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री से युवाओं से माफी मांगने की भी मांग की।

### आतंकी हमले और अयोध्या चंदा प्रकरण पर भी बोले

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में गैर-स्थानीय मजदूरों पर हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए पुनिया ने कहा कि सरकार सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हालात अलग तस्वीर पेश करते हैं। अयोध्या चंदा प्रकरण पर उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर बड़े आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों पर जनता सरकार से जवाब चाहती है।

उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।

# बांके बिहारी मंदिर हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी की 18वीं बैठक संपन्न

## व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने पर मंथन

**तमसा संकेत, संवाददाता**

मथुरा। वृन्दावन स्थित विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी जी मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमेटी की 18वीं बैठक आयोजित की गई। लक्ष्मण शहीद स्मारक भवन के सभागार में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति एवं समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। बैठक में मंदिर प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्थाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान मंदिर की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर एवं प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। श्रद्धालुओं की सुविधाओं, मंदिर संचालन और प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने के संबंध में समिति के सदस्यों ने अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। बैठक का उद्देश्य मंदिर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाओं को अधिक सुचारु बनाना रहा। बैठक में समिति के सदस्य के रूप में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुकेश मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश मथुरा विकास कुमार, मुंसिफ/सिविल जज मथुरा प्रत्यूष आनंद मिश्रा, जिला मजिस्ट्रेट एवं सदस्य सचिव चन्द्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, नगर आयुक्त ओजस्वी राज, मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन तथा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (आगरा) की अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. स्मिता एस. कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में मंदिर की पारंपरिक सेवा से जुड़े राजभोग समूह के शैलेन्द्र गोस्वामी एवं रजत गोस्वामी तथा शयनभोग समूह के गोपेश गोस्वामी और हिमांशु गोस्वामी ने भी सहभागिता की। उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं और परंपरागत सेवाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव समिति के समक्ष रखे।

बैठक के अंत में समिति ने मंदिर प्रबंधन को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालु हितैषी बनाने के लिए आवश्यक कदमों पर सहमति जताई। अधिकारियों ने कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर लगातार प्रयास किए जाएंगे।

C M Y K

# 4 फीट की गली में चला रेस्क्यू ऑपरेशन

## 8 सिलेंडर-केमिकल भरे ड्रम ब्लास्ट, एसएसपी पाइप लेकर दौड़े

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद। रात के करीब सवा बजे का वक्त था। 4 फीट की तंग गली, जिसमें दो बाइकें आमने-सामने से आ जाएं तो निकला मुश्किल हो। इसी गली के दूसरे छोर पर मोमबत्ती फैक्ट्री में लगी थी भीषण आग। एक-एक करके फैक्ट्री में सिलेंडर और केमिकल से भरे ड्रमों में ब्लास्ट हो रहा था और आग की लपटें 100 फीट से भी ऊपर तक जा रही थीं। ऐसे में मुरादाबाद पुलिस और फायर फाइटर्स के सामने चुनौती थी आग पर काबू पाना। उससे बड़ा चैलेंज था, गली में फंसे परिवारों को सुरक्षित बाहर निकालना। पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल को इस बात का अंदाजा बखूबी था।





**"पुलिस ने तेजी दिखाते हुए कुटिया वाली गली में फंसे लोगों को तुरंत बाहर निकाला। यहां गली में घरों को पुलिस ने खाली करा लिया। एक तरफ फायर फाइटर्स की टीम आग की लपटों से जूझ रही थी तो दूसरी ओर पुलिस के जवान और अधिकारी पब्लिक को सेफ जगह पर ले जाने में जुटे थे।**

### बेहद मुश्किल था आग से घिरी 4 फीट की गली में रेस्क्यू ऑपरेशन

सामने का मंजर बेहद भयानक था। रेस्क्यू ऑपरेशन में एक पल की देरी दर्जनों जिंदगियों को खतरे में डाल सकती थी। ऐसे में मोर्चा संभाला खुद मुरादाबाद के पुलिस कप्तान सतपाल अंतिल ने। एसएसपी ने बेहद सूझबूझ के साथ रणनीति बनाई और इस पूरे रेस्क्यू ऑपरेशन को खुद लीड किया। इस दौरान एसएसपी को फायर फाइटर्स के लिए खुद पाइप लेकर दौड़ते हुए देखा गया। लेकिन बड़ी चुनौती ये थी कि 4 फीट की इस तंग गली में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां नहीं पहुंच सकती थीं। ऐसे में तत्परता दिखाते हुए करीब 700 मीटर की पाइपलाइन तुरंत बिछाई गई। अपने कप्तान को चिंतित और एक्शन में देख मातहत पुलिस अधिकारी भी हाथों में पाइप लेकर आग बुझाते नजर आए।



- **आग इतनी भीषण थी कि कुछ देर के लिए आला अधिकारियों के भी हाथ-पांव फूल गए।**
- **एसपी सिटी रणविजय सिंह पानी का पाइप लेकर खुद आग बुझाने का प्रयास करने लगे।**
- **एसएसपी सतपाल अंतिल रात से लेकर सुबह तक घटनास्थल पर ही डटे रहे। जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को मौके पर बुला लिया गया।**

### घनी बस्ती में खुलता है 6 मंजिला फैक्ट्री का दूसरा दरवाजा

ये पूरा हादसा शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित कृष्ण कालोनी स्थित मयूर इंटरनेशनल फैक्ट्री का है। बुध बाजार में सुपर मार्केट से पुलिस चौकी तरफ बढ़ने पर आने वाली गली नंबर 6 इस कालोनी को बुध बाजार से जोड़ती है। ये गली मुश्किल से 14 फीट चौड़ी है। इसी गली के आखिर में T प्वाइंट पर अभिषेक अग्रवाल की मोमबत्ती बनाने की 6 मंजिला फैक्ट्री मयूर इंटरनेशनल है। इस फैक्ट्री के एक साइड में उन्होंने टीन शेड से गोदाम बना रखा था और दूसरी तरफ उनका तीन मंजिला घर भी है। फैक्ट्री का दूसरा गेट पीछे की तरफ कुटिया वाली गली में खुलता है। कुटिया वाली गली महज 4 फीट चौड़ी है। यहां घनी बस्ती है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। सावन माह की कांवड़ यात्रा को सकुशल और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित कर सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के करीब 50 प्रमुख शिव मंदिरों में सावन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। वहीं लगभग 80 किलोमीटर लंबे कांवड़ यात्रा मार्ग पर अतिरिक्त पुलिस बल, सीसीटीवी निगरानी, बैरिकेडिंग और यातायात प्रबंधन के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सभी एसडीएम और सीओ अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं, ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**फास्ट न्यूज**

### अलीगढ़ आइस फैक्ट्री में अमोनिया गैस लीक

अलीगढ़। अलीगढ़ के दुबे के पड़ाव क्षेत्र में शुक्रवार को मीनाक्षी पुल के नीचे स्थित गुप्ता आइस फैक्ट्री में अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। इस घटना से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। थाना गांधी पार्क पुलिस और फायर विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) मुकेश कुमार और फायर स्टेशन अधिकारी (एफएसओ) संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में फायर टीम ने स्थिति संभाली।

### फैमिली आईडी को लेकर सीडीओ ने की समीक्षा

मुरादाबाद। एक परिवार-एक पहचान के अंतर्गत फैमिली आईडी बनाने की प्रक्रिया को गति प्रदान करने के दृष्टिकोण से मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने धीमी प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिए। शासन स्तर से जनपद के लिए 147892 का लक्ष्य प्रदान किया गया है,जिसके सापेक्ष 117337 फैमिली आईडी बन चुकी है जो लक्ष्य का करीब 80 प्रतिशत है।

### मथुरा हाईवे पर पुलिस जीप को ट्रक ने मारी टक्कर

मथुरा। मथुरा के आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे पर शुक्रवार देर रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। रैपुरा जाट चौकी की गश्ती पुलिस जीप को पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि जीप कई मीटर दूर खाई में जा गिरी। हादसे में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर है। हादसा शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे हुआ। रैपुरा जाट चौकी की पुलिस टीम हाईवे पर गश्त कर रही थी।

# परिक्रमा के दौरान टेम्पो में छूटा बैग पुलिस ने किया बरामद

### लाइसेंसी पिस्टल समेत सामान लौटाया

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा/गोवर्धन। गोवर्धन में श्री गिरिराज महाराज की परिक्रमा के दौरान टेम्पो में छूटे एक श्रद्धालु के बैग को थाना गोवर्धन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सकुशल बरामद कर लिया। बैग में लाइसेंसी पिस्टल, उसके वैध अभिलेख, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज और नकदी सुरक्षित मिली। पुलिस के अनुसार, 29 जुलाई को परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु अपना बैग भूलवश एक टेम्पो में छोड़ गए थे। सूचना मिलते ही थाना गोवर्धन पुलिस सक्रिय हो गई और परिक्रमा मार्ग तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संबंधित टेम्पो की पहचान की। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने टेम्पो को ट्रेस कर 30 जुलाई को बैग को शत-प्रति-



शत सुरक्षित बरामद कर लिया। अपना कीमती सामान वापस मिलने पर श्रद्धालु ने थाना गोवर्धन पुलिस की तत्परता और कार्यशैली की सराहना करते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक मोहन लाल, कांस्टेबल विशाल चौहान, प्रीत कुमार तथा राहुल बाल्यान की प्रमुख भूमिका रही।

# स्कूल बस को ट्रैक्टर ट्रॉली ने मारी टक्कर

## हादसे में 3 छात्राएं घायल, ट्रैक्टर ड्राइवर मौके से फरार

- **वृंदावन स्थित हनुमान प्रसाद धानुका विद्यालय की बस शनिवार सुबह मांट क्षेत्र से छात्राओं को लेकर स्कूल जा रही थी।**

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मथुरा के थाना मांट क्षेत्र में शनिवार की सुबह स्कूल बस में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में बस के शीशे टूटने से 3 छात्राओं के चोट लग गई, जिससे वह घायल हो गई।

हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को लेकर मौके से भाग गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल छात्राओं को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

मांट-वृंदावन रोड पर शनिवार सुबह बिजलीघर के समीप स्कूली छात्राओं को लेकर जा रही बस ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई।



### हनुमान प्रसाद धानुका स्कूल की थी बस

वृंदावन स्थित हनुमान प्रसाद धानुका विद्यालय की बस शनिवार सुबह मांट क्षेत्र से छात्राओं को लेकर स्कूल जा रही थी। बिजलीघर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली से बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। बस में दो दर्जन से अधिक छात्राएं सवार थीं। टक्कर लगने से बस के शीशे टूट गए, जिससे जाबरा निवासी चेतना पुत्री प्रेम सिंह, सविता पुत्री नागेंद्र सिंह तथा अलीगढ़ जनपद के गांव गोरई निवासी यति पुत्री कमल सिंह घायल हो गईं। वृंदावन स्थित हनुमान प्रसाद धानुका विद्यालय की बस शनिवार सुबह मांट क्षेत्र से छात्राओं को लेकर स्कूल जा रही थी।



### मौके पर पहुंची पुलिस

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल सीएचसी मांट पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। अन्य छात्राएं सुरक्षित हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद स्कूल बस को थाने में खड़ा करा दिया गया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चालक की पहचान कराई जा रही है। उसकी तलाश जारी है।

**हादसे में बस के शीशे टूटने से तीन छात्राएं घायल हो गईं। उन्हें पुलिस और राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांट में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत फरार हो गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर चालक की पहचान कराई जा रही है। उसकी तलाश जारी है।**

# पुलिस जीप को ट्रक ने टक्कर मारी

## दिल्ली-आगरा एनएच खाई में पलटे दोनों वाहन, दो सिपाही गंभीर घायल, ड्राइवर फरार

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मथुरा के फरह थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। गश्त पर निकली पुलिस की सरकारी जीप को पीछे से आए एक बंद बॉडी ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए आगरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, फरह थाना पुलिस की सरकारी जीप आगरा-दिल्ली नेशनल हाईवे पर नियमित गश्त कर रही थी। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आए बंद बॉडी ट्रक ने जीप में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि जीप क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके



- **हादसे में घायल हुए दोनों सिपाहियों को इलाज के लिए आगरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया है।**

पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच की जा रही है।

### घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया

सूचना मिलते ही फरह थाना प्रभारी छोटे लाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जीप में फंसे दोनों घायल सिपाहियों को बाहर निकालकर तुरंत आगरा के निजी अस्पताल भेजा। डॉक्टरों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल स्थिर है और उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मौके पर ट्रक की तलाशी ली, लेकिन चालक वहां नहीं मिला। वह हादसे के बाद ट्रक छोड़कर फरार हो गया। थाना प्रभारी छोटे लाल ने बताया कि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच की जा रही है। फरार चालक की तलाश भी शुरू कर दी गई है।

### हिंदुस्तान कॉलेज के पास हुआ हादसा

रैपुराजाट पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही भरत और मोहित शुक्रवार देर रात सरकारी जीप से हाईवे पर गश्त कर रहे थे। शनिवार सुबह करीब 4 बजे जब उनकी जीप हिंदुस्तान कॉलेज के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे बंद बॉडी ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि जीप और ट्रक दोनों सड़क किनारे करीब 10 फीट गहरी खाई में पलट गए।

# संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम-एसएसपी ने सुनीं जन समस्याएं

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। तहसील सदर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी फरियादी निराश होकर न लौटे। समाधान दिवस के बाद डीएम और एसएसपी ने तहसील परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का निरीक्षण किया। डीएम ने साफ-सफाई, अभिलेखों के सुरक्षित रखरखाव, बस्ता सूची रजिस्टर को पूर्ण करने, समयबद्ध दाखिल-खारिज तथा कर्मचारियों की सर्विस बुक अपडेट रखने के निर्देश दिए।



सदर तहसील में 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं महावन में 50 में से 5, मांट में 37 में से 7, गोवर्धन में 29 में से 3 तथा छाता तहसील में 46 में से 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### पहले एयरपोर्ट ...

इसके बाद वह मैसूरु गए। यहां उन्होंने स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र, 'विवेक स्मारक' का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत का युवा जो पहले जंजीरों में था आज आगे बढ़ रहा है। युवाओं की वजह से भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है। पीएम ने कहा- पहले एयरपोर्ट ने नाम एक ही परिवार के नाम पर होते थे। हमने इस परंपरा को बदला। हमने अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम बाल्मीकी के नाम से जोड़ा। पंजाब में एयरपोर्ट का नाम संत रविदासजी के नाम पर रखा, और इस एयरपोर्ट का नाम श्री अल्लूरी सीताराम राजू के नाम पर रखा। पीएम ने कहा- अल्लूरी सीताराम ने आदिवासियों के लिए काम किया मोदी ने कहा कि ये अल्लूरी सीताराम राजू की धरती है। अल्लूरी सीताराम ने जिस धरती पर आदिवासी हितों के लिए अपना जीवन समर्पित किया, आज वहां पर आंध्र प्रदेश के एक नए एयरपोर्ट की शुरुआत हो रही है। ये एयरपोर्ट आंध्र और उत्तर आंध्र की ग्रोथ का रनवे है। ये आंध्र के युवाओं के बेहतर भविष्य का लॉन्चपैड है। आज का दिन आंध्र प्रदेश के विकास के लिए बेहद अहम है। स्वर्ण आंध्र विजन को नई गति मिली है। शुभ अवसर पर उत्तर आंध्र की पवित्र भूमि पर आने का सौभाग्य मिला। भगवान वराहलक्ष्मीनरसिंह स्वामी, श्री कुर्मनाथस्वामी और मां पौंडितल्ली अम्मवारू को नमन। 18 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। इनमें एयरपोर्ट, सड़क और ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं। विकास के साथ भिमसा (धीमसा) नृत्य ने भी नया सांस्कृतिक रिकॉर्ड बनाया। धीमसा नृत्य ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। 13 हजार से ज्यादा आदिवासी बहनों और बेटियों की प्रस्तुति अद्भुत रही। इसमें देश की विविधता और जनजातीय विरासत की झलक दिखी। प्रधानमंत्री ने कहा- कुछ दिन पहले ही सरकार ने उड़ान योजना के दूसरे फेज की शुरुआत की है, इस पर भी 29 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। कुछ दिन पहले काशी में स्पोक एयरपोर्ट मॉडल का शुभारंभ हुआ। आज वही मॉडल के पंजाब के अमृतसर तक पहुंच गया है। इससे अमृतसर से 25 से ज्यादा डेस्टिनेशन जुड़ जाएंगी। पीएम ने कहा- पहले एयरपोर्ट ने नाम एक ही परिवार के नाम पर होते थे। हमने इस परंपरा को बदला। हमने अयोध्या में एयरपोर्ट का नाम बाल्मीकी के नाम से जोड़ा। पंजाब में एयरपोर्ट का नाम संत रविदासजी के नाम पर रखा, और इस एयरपोर्ट का नाम श्री अल्लूरी सीताराम राजू के नाम पर रखा। आज का दिन आंध्र प्रदेश के विकास के लिए बेहद अहम है। स्वर्ण आंध्र विजन को नई गति मिली है। शुभ अवसर पर उत्तर आंध्र की पवित्र भूमि पर आने का सौभाग्य मिला। भगवान वराहलक्ष्मीनरसिंह स्वामी, श्री कुर्मनाथस्वामी और मां पौंडितल्ली अम्मवारू को नमन। मोदी ने कहा पीएम ने कहा- आज चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण के नेतृत्व में NDA की पूरी टीम आंध्र प्रदेश के लिए डबल स्पीड से काम कर रही है आंध्रप्रदेश में करीब 1 लाख करोड़ रुपए की रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। राज्य के पूरे रेल नेटवर्क का इलेक्ट्रिफिकेशन हो चुका है। यहां 70 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जा रहा है। भारत का युवा जो पहले जंजीरों में था आज आगे बढ़ रहा है। युवाओं की वजह से भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है। ये भारत के युवाओं की वजह से ही हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं ने AI, सेमीकंडक्टर और टेक में अपना योगदान दिया है। कुछ दिन पहले युवाओं का बनाया हुआ एक प्राइवेट रॉकेट अंतरिक्ष में पहुंचा है।

पीएम मोदी ने मैसूर में कहा कि कुछ देर पहले मैं उस भवन में भी गया था जहां स्वामी विवेकानंद जी ने समय बिताया था। आज हम उनकी परंपरा को विस्तार दे रहे हैं। व्यक्ति से विभूति का निर्माण एक दिन में नहीं होता। इसके लिए अनगिनत योगदान देना होता है। लेकिन तप के समय महान विभूति को पहचानना अहम है। 18 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। इनमें एयरपोर्ट, सड़क और ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं।

विकास के साथ भिमसा (धीमसा) नृत्य ने भी नया सांस्कृतिक रिकॉर्ड बनाया। आज का दिन आंध्र प्रदेश के विकास के लिए बेहद अहम है। स्वर्ण आंध्र विजन को नई गति मिली है। शुभ अवसर पर उत्तर आंध्र की पवित्र भूमि पर आने का सौभाग्य मिला। भगवान वराह-लक्ष्मीनरसिंह स्वामी, श्री कुर्मनाथस्वामी और मां पौंडितल्ली अम्मवारू को नमन।

18 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ। इनमें एयरपोर्ट, सड़क और ऊर्जा परियोजनाएं शामिल हैं।

विकास के साथ भिमसा (धीमसा) नृत्य ने भी नया सांस्कृतिक रिकॉर्ड बनाया। धीमसा नृत्य ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। 13 हजार से ज्यादा आदिवासी बहनों और बेटियों की प्रस्तुति अद्भुत रही। इसमें देश की विविधता और जनजातीय विरासत की झलक दिखी।धीमसा नृत्य ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। 13 हजार से ज्यादा आदिवासी बहनों और बेटियों की प्रस्तुति अद्भुत रही। इसमें देश की विविधता और जनजातीय विरासत की झलक दिखी।

### सीएए के एप्लिकेशन ...

दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जाएगी। इन तीन देशों के लोग ही इसके तहत नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। लोगों को आवेदन ऑनलाइन करना होगा। आवेदक को बताना होगा कि वे भारत कब आए। पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज न होने पर भी वे आवेदन कर पाएंगे। इसके तहत इन शरणार्थियों के लिए भारत में रहने की न्यूनतम अवधि 5 साल रखी गई है, जबकि अन्य विदेशियों के लिए सामान्य नागरिकता नियम के तहत यह अवधि 11 साल है।

### ई 20 फ्यूल का ...

इसके बाद करीब 100 लोगों के साथ पीएम आवास तक विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर इथेनॉल फायदेमंद नहीं है, तो इसे बढ़ावा क्यों दिया जा रहा है। सरकार नागरिकों पर इसे क्यों थोप रही है। बीच पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने से फायदा हुआ है। अगर ऐसा नहीं करते तो ईरान संकट के दौरान पेट्रोल की कीमत 125 रुपए प्रति लीटर से भी ज्यादा हो सकती थी। 12 साल से मैकेनिक का काम कर रहे आमिर खान ने कहा- 'E20 फ्यूल से दोपहिया वाहन खराब हो रहे हैं। अगर आप ने E 20 फ्यूल लिया और वाहन 15-20 दिन कहीं पार्क कर दिया तो फ्यूल पंप चोक होने से इंजन स्टार्ट नहीं होगा हैं। रिजर्व टैंक में काई जम जाती है।' ओडिशा के स्वप्निल ने बताया, 'E 20 फ्यूल से उसकी कार का एवरेज 14-15 से 8-9 किलोमीटर प्रतिलीटर रह गया। साथ ही यह बताया कि ओडिशा में किसान ही इथेनॉल प्लांट का विरोध कर रहे हैं। वहां इथेनॉल प्लांट के कारण मछलियां मर रही हैं।

### छात्रों को पीएम की ...

इसे भाजपा की साजिश बताते हुए कहा कि जो कोई भी परिसीमन का समर्थन करता है, वह तमिलनाडु के साथ गद्दारी कर रहा है। यह तमिलनाडु के भविष्य के साथ धोखा है। तमिलनाडु के प्रभारी महासचिव गुलाम अहमद मीर ने बताया कि 'संगठन सृजन' अभियान का उद्देश्य बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जागरूक करना, कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और प्रत्येक बूथ पर मजबूत संगठनात्मक ढांचा खड़ा करना है। अहमद मीर ने यह भी बताया कि तमिलनाडु यात्रा के दौरान राहुल का मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं है। गांधी ने चेन्नई के एक दिन के दौरान परिसीमन पर भी बात की। उन्होंने मीडिया से कहा, 'परिसीमन, तमिलनाडु के लोगों से मताधिकार छीनने की साजिश है। इससे तमिलनाडु को कमजोर किया जाएगा।' उन्होंने इसे भाजपा की साजिश बताया। कहा, 'जो कोई भी परिसीमन का समर्थन करता है, वह तमिलनाडु के साथ गद्दारी कर रहा है।

# जेवलिन में नीरज को सिल्वर और यशवीर को ब्रॉन्ज, भारत को कल 6 मेडल मिले

# कॉमनवेल्थ में जूडो में 15 मिनट में अस्मिता और हर्ष गोल्ड जीते

**शानदार**

नई दिल्ली, एजेंसी




**त्रिपुरा की 23 साल की अस्मिता डे ने फाइनल में शानदार वापसी करते हुए कनाडा की हेइडी क्वाच को हराया। मुकाबले की शुरुआत में उन्होंने एक अंक गंवाया और पेनल्टी भी मिली, लेकिन आक्रामक खेल जारी रखते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। गोल्डन स्कोर में अस्मिता ने निर्णायक अंक हासिल कर इतिहास रच दिया।**

कॉमनवेल्थ गेम्स में शुक्रवार को भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अस्मिता डे ने गेम्स के इतिहास में जूडो में देश को पहला गोल्ड दिलाया। इसके 15 मिनट बाद हर्ष सिंह ने दूसरा गोल्ड जीता। यामिनी मौर्य ने सिल्वर मेडल हासिल किया। जूडो में 3 मेडल आए।

देश के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने 85.83 मीटर थ्रो किया। भारत के ही यशवीर सिंह ने 85.41 मीटर का पर्सनल बेस्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। श्रीलंका के रुमेश पथिराजे ने 89.75 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया।

एथलेटिक्स में तेजस्विन शंकर ने डेकाथलॉन इवेंट में ब्रॉन्ज जीतकर इतिहास रचा। वह कॉमनवेल्थ में इस इवेंट में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बने। ग्लासगो में चल रहे गेम्स के आठवें दिन भारत ने कुल 6 मेडल जीते। इनमें 2 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज शामिल रहे।

भारत ने गेम्स में अब तक 5 गोल्ड, 12 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज समेत 23 मेडल जीते हैं और मेडल टैली में 10वें स्थान पर है।

नीरज चोपड़ा ने 85.83 मीटर का थ्रो कर सिल्वर मेडल जीता। मुकाबले का सबसे बड़ा सरप्राइज यशवीर सिंह रहे। उन्होंने आखिरी में 85.41 मीटर थ्रो कर ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। पाकिस्तान के ओलिंपिक चैंपियन अरशद नदीम टॉप-8 में भी जगह नहीं बना सके और तीन राउंड के बाद बाहर हो गए।

23 साल के हर्ष सिंह ने पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जोशुआ काट्ज को वाजा-अरी (10-0) से हराया। चार मिनट तक चले मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों को अंक नहीं मिले, लेकिन अंतिम मिनट में हर्ष ने निर्णायक दांव खेलकर बढ़त बनाई और गोल्ड अपने नाम कर लिया।




### डेकाथलॉन में मेडल लाने वाले तेजस्विन पहले भारतीय

तेजस्विन शंकर 7976 अंकों के साथ डेकाथलॉन में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बने। दो दिन तक चले इस इवेंट में उन्होंने तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले तेजस्विन 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में हाई जंप का ब्रॉन्ज भी जीत चुके हैं।

ग्रेनाडा के लिंडन विक्टर (8096 अंक) ने गोल्ड और डेमियन वार्नर (8036 अंक) ने सिल्वर जीता।

डेकाथलॉन में 10 अलग-अलग इवेंट्स होते हैं। हर इवेंट्स से मिले अंकों के आधार पर टोटल रैंकिंग बनती है। इस रैंकिंग के टॉप-3 प्लेयर्स को मेडल दिए जाते हैं।

डेकाथलॉन में 100 मीटर दौड़, लॉन्ग जम्प, शॉटपुट, हाई जम्प, 400 मीटर दौड़, 110 मीटर हर्डल, डिस्कस थ्रो, पोल वॉल्ट, जेवलिन थ्रो, 1500 मीटर दौड़ होते हैं।

### कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 मेडल टैली

| रैंक | देश | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | कुल मेडल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 55 | 30 | 43 | 128 |
| 2 | इंग्लैंड | 17 | 34 | 29 | 80 |
| 3 | कनाडा | 17 | 15 | 21 | 53 |
| 4 | स्कॉटलैंड | 10 | 8 | 16 | 34 |
| 5 | नाइजीरिया | 9 | 6 | 3 | 18 |
| 6 | न्यूज़ीलैंड | 7 | 10 | 8 | 25 |
| 7 | सा. अफ्रीका | 7 | 9 | 9 | 25 |
| 8 | मलेशिया | 7 | 3 | 3 | 13 |
| 9 | वेल्स | 6 | 6 | 12 | 24 |
| 10 | भारत | 5 | 12 | 6 | 23 |

# विवाद : अब हॉकी इंडिया अध्यक्ष बोले बिना बताए कलर बदला

## दो दिन पहले कहा था- मैदान और जर्सी के नीले रंग से खिलाड़ियों को परेशानी

नई दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम की जर्सी का रंग नीला से नारंगी किए जाने पर विवाद गहरा गया है। अब हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने जर्सी का रंग बदलने पर फेडरेशन के अधिकारियों से लिखित जवाब मांगा है।

टिर्की का आरोप है कि यह फैसला उन्हें और एग्जीक्यूटिव बोर्ड की बिना मंजूरी के बिना लिया गया। ओडिशा सरकार ने भी टिर्की से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है।

हाल ही में हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की नई जर्सी लॉन्च की। इसके बाद कई पूर्व खिलाड़ियों और हॉकी से जुड़े लोगों ने इस बदलाव पर सवाल उठाए।

जर्सी लॉन्च होने के बाद गुरुवार को टिर्की ने बदलाव का बचाव किया था। उन्होंने लोगों से इस मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं देने की अपील की थी। टिर्की के मुताबिक, जर्सी का रंग बदलने का फैसला पूरी तरह 'टेक्निकल' है।



उनका कहना था कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी अब नीले सिंथेटिक टर्फ पर खेली जाती है। ऐसे में मैदान और जर्सी दोनों के नीले होने से तेज खेल के दौरान खिलाड़ियों को अपने साथी खिलाड़ियों और गेंद को पहचानने में परेशानी हो सकती है। विवाद के बीच शुक्रवार को इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में भारतीय टीम के एक खिलाड़ी के हवाले से कहा गया कि जर्सी में बदलाव को लेकर खिलाड़ियों से न तो राय ली गई और न ही सलाह मांगी गई।

### हॉकी इंडिया ने कहा था- जर्सी के नए रंग के लिए अफसरों से सलाह ली

हॉकी इंडिया ने 27 जुलाई को भारतीय टीम की नारंगी रंग की नई जर्सी लॉन्च की। जर्सी का नीला रंग बदले जाने के बाद कई पूर्व खिलाड़ियों और हॉकी से जुड़े लोगों ने इसका विरोध किया था।

इस पर हॉकी इंडिया ने गुरुवार को कहा कि इस पर खिलाड़ियों और फेडरेशन के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों से सलाह ली गई थी।

## सभी आज फाइनल खेलेंगे, अब तक भारत ने 23 मेडल जीते, दिनभर में कुल 44 गोल्ड मेडल इवेंट्स होंगे

# कॉमनवेल्थ में रिकॉर्ड दस भारतीय बॉक्सर गोल्ड रेस में



ग्लासगो, एजेंसी

कॉमनवेल्थ गेम्स के नौवें दिन रिकॉर्ड 10 भारतीय मुक्केबाज गोल्ड मेडल के मुकाबले में उतरेंगे। इनमें ओलिंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन भी शामिल हैं। इससे पहले एक कॉमनवेल्थ गेम्स में सबसे ज्यादा 6 भारतीय बॉक्सर 2018 में फाइनल तक पहुंचे थे।

शनिवार को भारतीय खिलाड़ी बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, पैरा एथलेटिक्स, जूडो, ट्रैक साइक्लिंग और लॉन बॉल्स में चुनौती पेश करेंगे। दिनभर में कुल 44 गोल्ड मेडल इवेंट्स होंगे। इनमें 19 एथलेटिक्स-पैरा एथलेटिक्स, 14 बॉक्सिंग, 6 ट्रैक-पैरा ट्रैक साइक्लिंग और 5 जूडो के फाइनल शामिल हैं।

लॉन बॉल्स में 3:50 बजे नवनीत सिंह और दिनेश कुमार की भारतीय जोड़ी पुरुष पेयर्स सेक्शनल प्ले में इंग्लैंड का सामना करेगी। क्वालिफाई करने पर यही जोड़ी रात 11:45 बजे सेमीफाइनल खेलेगी।


बॉक्सिंग में लवलीना बोरगोहेन और सचिन सिवाच गोल्ड मेडल मुकाबले खेलेंगे।

### बॉक्सिग में भारत के 10 मेडल पक्के

भारत की शुरुआत दोपहर 3:30 बजे प्रीति पवार के महिला 54 kg फाइनल से होगी। इसके बाद 3:45 बजे जैस्मिन लांबोरिया (57 kg) और 4:15 बजे जदुमणि सिंह (55 kg) गोल्ड के लिए उतरेंगे। रात 9 बजे साक्षी चौधरी 51 kg, 9:15 बजे प्रिया घंघास 60 kg, 9:30 बजे अरुंधति चौधरी 70 kg, 10:15 बजे लवलीना बोरगोहेन 75 kg, 10:45 बजे सचिन सिवाच 60 kg, 11:15 बजे अंकुश पंघाल 80 kg और 11:45 बजे नरेंद्र बरवाल 90+ kg में अपने फाइनल मुकाबले खेलेंगे।

### एथलेटिक्स और पैरा एथलेटिक्स में भी मेडल की उम्मीद

दोपहर 2:35 बजे शुभम जुयाल और सोमन राणा पुरुष शॉटपुट एफ-57 फाइनल में उतरेंगे। इसके बाद 2:40 बजे प्रवीण चित्रावेल और सेल्वा प्रभु तिरुमारण पुरुष ट्रिपल जंप में हिस्सा लेंगे। फिर दोपहर 2:50 बजे रमेश शन्मुगम पुरुष 1500 मीटर टी-54 और 3 बजे प्रियंका गोस्वामी एंड रवीना गायकवाड़ महिला 10,000 मीटर रेस वॉक फाइनल खेलेंगी। रात 11:35 बजे देव मीणा और कुलदीप कुमार पुरुष पोल वॉल्ट फाइनल में उतरेंगे। इसके बाद 12:15 बजे गुलवीर सिंह पुरुष 5000 मीटर और 1:50 बजे भारत की मिक्स्ड 4x400 मीटर रिले टीम पदक के लिए चुनौती पेश करेगी।

**जूडो में उन्नति शर्मा, करणजीत सिंह मान, हर्ष तोकस और इनुंगानबी ताखेल्लामबम अपने-अपने शुरुआती मुकाबले खेलेंगे। जीत मिलने पर वे अगले दौर में पहुंचेंगे। ट्रैक साइक्लिग में 4:19 बजे दिनेश कुमार और हर्षवीर सिंह सेखों पुरुष 10 किमी स्क्रैच रेस क्वालिफाइंग में उतरेंगे। क्वालिफाई करने पर दोनों रात 10:50 बजे फाइनल में पार्टिसिपेट करेंगे।**

## मनोरंजन



## बड़े भाई बताते हुए भगवान से मांगी दुआ, दोनों गले मिलते नजर आए

# सलमान ने संजय दत्त के लिए इमोशनल नोट लिखा

beingsalmankhan Babaaaa for ever baba aur baba ,baba hota hai. Sanju baba hai hum sab ka baba n Sanju baba now apne bacchon ka baba , mera bada bhai Sanjay Dutt, Allah,Bhagwan Jesus sab iss Aadhmi ko khush rakhain, I love you Baba.

नई दिल्ली। सलमान खान ने शुक्रवार देर रात अपने सबसे करीबी दोस्त संजय दत्त के साथ 2 तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं, जिनमें दोनों गले मिल रहे हैं। तस्वीरों के साथ सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'बाबा फॉरएवर... बाबा और बाबा, बाबा होता है। संजू बाबा है हम सबका बाबा और अब अपने बच्चों का भी बाबा। मेरा बड़ा भाई संजय दत्त। अल्लाह, भगवान और जीसस सब इस आदमी को हमेशा खुश रखें। आई लव यू बाबा।' संजय दत्त और सलमान खान की दोस्ती बॉलीवुड में मिसाल मानी जाती है। हालांकि, एक बार ऐसा भी हुआ था जब संजय दत्त, सलमान से नाराज हो गए थे। इस किस्से का खुलासा खुद सलमान ने रजत शर्मा के शो में किया था। सलमान ने बताया था कि सोहेल खान की फिल्म 'मैंने दिल तुझको दिया' में संजय दत्त ने दोस्ती की खातिर गेस्ट अपीयरेंस किया था। शूटिंग पूरी होने के बाद संजय दत्त सलमान के घर पहुंचे, जहां पार्टी चल रही थी। उसी दौरान सलमान के पास नई BMW M5 आई थी। वह संजय दत्त को बाहर ले गए और बोले, 'बाबा, यह देश की पहली BMW M5 है और मैं चाहता हूं कि यह आपके पास हो।'

**फैंस को सलमान और संजय के बीच यह बॉन्ड बहुत पसंद आ रहा है। कई लोगों ने इस पर रिएक्ट किया। संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त ने पोस्ट पर कमेंट किया, 'ब्रदर्स फॉर लाइफ।' वहीं, संजय दत्त की बड़ी बेटी त्रिशाला दत्त ने हार्ट इमोजी कमेंट किए।**


तस्वीरों में सलमान खान ब्लैक टी-शर्ट और ब्लैक पैंट में नजर आ रहे हैं। उन्होंने ग्रे रंग की फ्लैट कैप पहन रखी है।

### काउंटडाउन शुरू ! यश की टॉक्सिक के ट्रेलर की रिलीज डेट का एलान

नई दिल्ली। साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में यश की टॉक्सिक शामिल हो गई है। फिल्म अगस्त के आखिरी हफ्ते में रिलीज होने के लिए शेड्यूल कर दी गई है। इस बीच अब मेकर्स ने इसके ट्रेलर की रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी है। आइए जानते हैं कब रिलीज होगा टॉक्सिक का मोस्ट अवेटेड ट्रेलर? केवीएन प्रोडक्शन ने हाल ही में फिल्म का एक इंटेंस पोस्टर रिलीज करते हुए फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट भी बता दी है। प्रोडक्शन हाउस ने पोस्टर के साथ लिखा, 'काउंटडाउन शुरू हो गया है, टॉक्सिक का ट्रेलर 8 अगस्त 2026 को रिलीज होगा। टॉक्सिक एक फेयरी टेल ग्रॉन अप्स दुनियाभर के सिनेमाघरों में 26 अगस्त को रिलीज की जाएगी'। कियारा आडवाणी ने भी नया पोस्टर और रिलीज डेट पर अपडेट दिया है। 31 जुलाई को कियारा आडवाणी के बर्थडे पर मेकर्स ने उनके किरदार नादिया का दीदार फैंस को करवाया था और अब एक दिन बाद मेकर्स ने इसके ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। टॉक्सिक के टीजर, गानों और पोस्टर्स को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है वहीं अब ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है।

# बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे एल्विश

## टाइगर श्रॉफ के साथ एक्शन फिल्म में आएंगे नजर



नई दिल्ली। एल्विश यादव ने अपने करियर की शुरुआत एक यूट्यूबर और कंटेंट क्रिएटर के तौर पर की थी। बाद में वो कई रियलिटी शो में भी नजर आए जिसके बाद वे घर-घर में पहचाने जाने लगे। एल्विश ने पिछले साल वेब शो 'औकात के बाहर' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। अब खबर आ रही है कि वे बहुत जल्द बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के पति विक्की जैन ने अपने प्रोडक्शन हाउस 'VJ फ्रेम्स' का ऐलान किया है। उनकी पहली फिल्म में टाइगर श्रॉफ, अभिषेक बनर्जी और एल्विश नजर आएंगे। बिना नाम वाली इस फिल्म को रेमो डिसूजा डायरेक्ट करेंगे। असल में, यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एक्शन फ्रैंचाइजी होगी। फिल्म की शूटिंग 1 अगस्त से शुरू हो रही है। तरण आदर्श ने एक ट्वीट के जरिए इसकी जानकारी दी। वहीं एल्विस के फैन्स उनके बॉलीवुड डेब्यू को लेकर बहुत उत्साहित हैं। एक फैन ने ट्वीट किया, 'बहुत एक्साइटेड हूं और आप पर गर्व है एल्विश यादव, पिछले 10-12 सालों में आपने जो लगन और कड़ी मेहनत दिखाई है, उसका फल अब आखिरकार मिल रहा है।'

### एल्विश के फैंस ने जाहिर की खुशी

एक अन्य एक्स यूजर ने लिखा, 'ऑल द बेस्ट, एलविशयादव अपने नफरत करने वालों को गलत साबित करो जैसे तुम हमेशा करते हो भाई।' एक और ने ट्वीट किया, 'बधाई हो भाई एल्विश यादव भाई, यूट्यूब पर वीडियो देखते थे पहले टीवी पर, अब सीधे सिनेमा हॉल में देखेंगे भाई, सब सपने पूरे हो रहे भाई, आई लव यू भाई, महादेव आपको आशीर्वाद दें।'

**एल्विश यादव बिग बॉस ओटीटी सीजन 2, प्लेग्राउंड, एमटीवी रोडीज डबल एक्सः डबल क्रॉस, लाफ्टर शेफ्स और अन्य टीवी शोज में नजर आ चुके हैं। अब उनके फैंस बड़े पर्दे पर उन्हें देखने के लिए एक्साइटेड हैं।**



# रशिमका शूटिंग के दौरान हुईं चोटिल

## डांस सीक्वेंस में हिप का टेंडन अलग हुआ, डॉक्टर ने दी 6 हफ्ते आराम की सलाह

नई दिल्ली। रश्मिका मंदाना अपनी एक अपकमिंग फिल्म के डांस सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गई हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, यह चोट उन्हें डांस और एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान लगी। हालांकि, रश्मिका या उनकी टीम की तरफ से इसको लेकर कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी नहीं किया गया है। चोट की वजह से रश्मिका का शूटिंग शेड्यूल रोक दिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, रश्मिका मंदाना अपनी एक अपकमिंग फिल्म के डांस सीक्वेंस की शूटिंग कर रही थीं। इसी दौरान उनकी हिप से जुड़ा एक टेंडन पूरी तरह अलग हो गया। डॉक्टरों के अनुसार, इस तरह की चोट आमतौर पर प्रोफेशनल एथलीट्स में देखी जाती है। मेडिकल जांच के बाद उन्हें छह हफ्ते तक पूरी तरह आराम करने और फिर बताए गए रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम को शुरू करने की सलाह दी गई है।


रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी अभी की शूटिंग और कमर्शियल असाइनमेंट्स को रीशेड्यूल किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर फैंस उनके जल्दी ठीक होने की दुआ कर रहे हैं।

रश्मिका मंदाना अभी इंडियन सिनेमा की सबसे बिजी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह कई भाषाओं की फिल्मों में काम कर रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह अभी चार बड़ी फिल्मों की शूटिंग कर रही हैं और लगभग 30 नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स को प्रमोट कर रही हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार हिंदी फिल्म 'कॉकटेल 2' में नजर आई थीं। वहीं, रश्मिका की साल 2025 में पांच फिल्में रिलीज हुईं। उन्होंने हिंदी फिल्म 'छावा' में महारानी येसूबाई का किरदार निभाया। इसके बाद वह 'सिकंदर' में सैसरी राजकोट की भूमिका में नजर आईं। वहीं, रश्मिका ने तेलुगु-तमिल द्विभाषी फिल्म 'कुबेरा' और हिंदी फिल्म 'थामा' में भी काम किया। इसके अलावा वह तेलुगु फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' में भी नजर आईं।

### शूटिंग और ब्रांड कमिटमेंट्स पर पड़ सकता है असर

इस चोट की वजह से रश्मिका के आने वाले शूटिंग शेड्यूल और दूसरे प्रोफेशनल कमिटमेंट्स पर असर पड़ सकता है। वह अभी राणाबली और माइसा जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों पर काम कर रही हैं और कई एंडोर्समेंट कैंपेन भी मैनेज कर रही हैं।



## बिजली प्लांट-रिफाइनरी निशाने पर होंगे, ट्रम्प बोले- ईरान पर भरोसा खत्म हो रहा

# अमेरिका-इजराइल इस हफ्ते ईरान पर कर सकते हैं हमला

**दावा**

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**

अमेरिका और इजराइल ईरान के ऊर्जा ढांचे पर बड़े हमले की तैयारी कर रहे हैं। CBS न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, इस हफ्ते बिजली संयंत्रों और तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाया जा सकता है।

इस सैन्य योजना पर शुक्रवार को कैंप डेविड में हुई ट्रम्प की कैबिनेट बैठक में भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान ट्रम्प ने कहा, ₹हम ईरान पर बहुत जोरदार हमला करेंगे।₹ उन्होंने यह भी कहा कि अब उन्हें ईरान पर भरोसा नहीं रहा, क्योंकि ₹वे झूठ बोलते हैं, बातचीत की बात करते हैं, लेकिन बार-बार अपना वादा तोड़ देते हैं।



ट्रम्प ने शुक्रवार रात कैंप डेविड में कैबिनेट बैठक की। इस दौरान उन्होंने ईरान पर बयान दिया।

> यूरोपीय संघ के नौसैनिक मिशन ने कहा है कि उसकी निगरानी में एक कारोबारी जहाज सुरक्षित तरीके से रेड सी पार कर गया। इस दौरान जहाज को इटली के युद्धपोत ने सुरक्षा दी।

दूसरी तरफ ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अगर अमेरिका हमला करता है तो उसका जवाब पूरी तैयारी के साथ दिया जाएगा। उनके मुताबिक, जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और इजराइल के अहम सैन्य ठिकानों और बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जाएगा। कुवैत ने दावा किया है कि उसकी एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरान की ओर से आए ड्रोन हमलों को रोक दिया।

### क्या अमेरिका होर्मुज में ईरान का खतरा खत्म कर सकता है?

अमेरिका लगातार ईरान के ठिकानों पर हमले कर रहा है, लेकिन सवाल है कि क्या इससे होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर मंडरा रहा खतरा खत्म हो जाएगा? रक्षा विशेषज्ञ वोल्फगैंग पुस्ताई कहते हैं कि अमेरिका ऐसा नहीं कर पाएगा। पुस्ताई के मुताबिक, ईरान के पास जहाजों पर हमला करने के कई तरीके और कई ठिकाने हैं। ऐसे में सिर्फ हवाई हमलों से उसका पूरा नेटवर्क खत्म करना मुश्किल है।

सेना ने लोगों को चेतावनी दी है कि अगर कहीं धमाके सुनाई दें तो वे इंटरसेप्टर मिसाइलों की वजह से होंगे।

ओमान के तट के पास एक तेल टैंकर के बेहद करीब धमाका हुआ है। हालांकि, जहाज को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन घटना के बाद इलाके में अलर्ट जारी कर जांच शुरू कर दी गई है। यूनाइटेड किंगडम मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (UKMTO) के मुताबिक, यह घटना ओमान के खासाब से करीब 21 नॉटिकल मील (39 किमी) उत्तर-पूर्व में हुई। चालक दल ने जहाज के बेहद करीब जोरदार विस्फोट और पानी का बड़ा गुबार उठने की सूचना दी।

ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा है कि ईरान जंग जीत चुका है। अब सबसे बड़ी चुनौती इस जीत को लंबे समय तक कायम रखना और देश को मजबूत बनाना है।

> अमेरिका सिर्फ ईरान के उन हथियारों, मिसाइल लॉन्चर, ड्रोन और सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है, जिनका इस्तेमाल जहाजों पर हमला करने में होता है। इससे हमलों की संख्या कम हो सकती है, लेकिन खतरा पूरी तरह खत्म नहीं होगा।



यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने 8 सऊदी तेल टैंकरों को अपना रास्ता बदलने पर मजबूर कर दिया।

हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता याह्या सरी ने कहा, ₹सऊदी दुश्मन के खिलाफ हमारी समुद्री नाकेबंदी जारी रहेगी। हमारी सेनाएं जहां तक पहुंच सकती हैं, वहां तक उसके जहाजों को निशाना बनाएंगी।

# जुलाई में 2.11 लाख करोड़ जीएसटी कलेक्शन

## ये पिछले साल के मुकाबले 15.4% ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जुलाई महीने में 2.11 लाख करोड़ रुपए GST कलेक्शन हुआ। ये पिछले साल यानी जुलाई 2025 से 15.4% ज्यादा है। पिछले साल जुलाई 2025 में GST कलेक्शन 1.83 लाख करोड़ रुपए था।

इस महीने में सेंट्रल GST यानी CGST का कुल कलेक्शन 39,835 करोड़ रुपए रहा। वहीं स्टेट GST यानी SGST से 47,881 करोड़ रुपए और इंटीग्रेटेड GST यानी IGST से 1.23 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई हुई। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई 2026) के दौरान GST कलेक्शन 10.1% बढ़कर 8.4 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 7.6 लाख करोड़ रुपए था। इस दौरान



GST कलेक्शन 9.2% बढ़कर 7.21 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल 6.61 लाख करोड़ रुपए था।

जीएसटी कलेक्शन यह बताता है कि देश की अर्थव्यवस्था कितनी तंदुरुस्त है। अगर कलेक्शन ज्यादा है, तो इसका मतलब है कि लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं, फैक्ट्रियों में उत्पादन बढ़ रहा है और लोग ईमानदारी से टैक्स भर रहे हैं। सरकार ने 1 जुलाई 2017 को देशभर में GST लागू किया था। इसके बाद केंद्र और राज्य सरकारों के 17 करों और 13 उपकरों को हटा दिया गया था।

**फास्ट न्यूज**

### ब्रॉड पीक में हिमस्खलन: चार पर्वतारोहियों की मौत

इस्लामाबाद । पाकिस्तान की ब्रॉड पीक पर आए भीषण हिमस्खलन में चार पर्वतारोहियों की मौत हो गई है, जबकि छह अन्य लापता हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। अल्पाइन क्लब ऑफ पाकिस्तान ने मृतकों में नेपाल के पुर बहादुर गुरंग और ओमान की नधिरा अहमद अब्दुल्ला अल हारथी के नाम की पुष्टि की है।

### कैलिफोर्निया में एफ -35बी लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

वाशिंगटन। दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक एफ -35बी लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। यूएस मरीन कार्प्स ने बताया कि शुक्रवार दोपहर सैन डिएगो में मिरामार एयर बेस के पास हुई इस दुर्घटना में पायलट बच गया। उसे मेडिकल सेंटर ले जाया गया है। पायलट की हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। अमेरिकी मरीन के बयान में इस घटना को क्लास ए दुर्घटना बताया गया है। यह दुर्घटना की सबसे गंभीर श्रेणी है और इसका इस्तेमाल तब किया जाता है जब नुकसान 20 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक हो या कोई सैन्य विमान नष्ट हो जाए।

### हमास हथियार डालने के लिए तैयार लेकिन इजरायल चुप

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की पहल वाली शांति योजना के अनुसार हमास कुछ शर्तों के साथ हथियार डालने के लिए तैयार हो गया है लेकिन इजरायल ने अभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ट्रंप ने कहा है कि हमास के हथियार डालने के लिए तैयार होने से क्षेत्रीय शांति के लिए उनकी योजना ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंच गई है।

# एथेनॉल से पेट्रोल पर 30 प्रति लीटर की बचत हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्रूड ऑयल की कीमतें जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में 135 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गई थीं, तब अगर तेल कंपनियों ने पेट्रोल में एथेनॉल की ब्लेंडिंग न की होती, तो दिल्ली में पेट्रोल का भाव लगभग 125 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया होता। शुक्रवार को पेट्रोलियम मंत्रालय ने एथेनॉल प्रोग्राम की लागत, खाद्य सुरक्षा पर असर और टैक्सपेयर्स की सब्सिडी से जुड़े दावों का जवाब देते हुए यह बात कही। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि संकट के समय पर इस प्रोग्राम की वजह से पेट्रोल पर प्रति लीटर लगभग 30 रुपए की बचत हुई।

पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, वैश्विक बाजार में क्रूड की कीमतें बढ़ने के बावजूद देश में उपभोक्ताओं को पेट्रोल 94.77 रुपए प्रति लीटर के भाव पर मिला।

इसका कारण यह था कि पूर्व-निर्धारित कीमतों पर घरेलू स्तर पर खरीदे गए एथेनॉल की हर एक लीटर पेट्रोल में 20% हिस्सेदारी थी। इसी वजह से रिटेल कीमतें क्रूड के तेज उछाल से बची रहीं।




> सरकार का दावा- ब्लेंडिंग न होती तो दिल्ली में 125 लीटर मिलता, अभी 102 में मिल रहा

28 फरवरी को पश्चिमी एशिया में तनाव और संघर्ष शुरू होने के बाद, सरकार ने करीब 75 दिनों तक पेट्रोल और डीजल की कीमतों को स्थिर रखा था। इसके बाद मई में दामों में 7.5 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी।

## अब राष्ट्रपति को मिलिट्री एक्शन का अधिकार ■ ट्रम्प के एक सांसद ने वोटिंग नहीं की

# ईरान पर हमले रोकने का बिल एक वोट से गिरा

**तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी**

ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोकने का प्रस्ताव अमेरिकी सीनेट में एक वोट से गिर गया है। गुरुवार को हुई वोटिंग में इसके पक्ष में 49 और विरोध में 50 वोट पड़े। ट्रम्प की पार्टी के एक सांसद डेव मैककॉर्मिक वोटिंग में शामिल नहीं हुए।

अगर यह प्रस्ताव पास हो जाता, तो अमेरिकी राष्ट्रपति को ईरान पर हमलों से पहले संसद की मंजूरी लेना जरूरी हो जाता। यानी राष्ट्रपति खुद यह फैसला नहीं ले सकते थे।

ईरान जंग को लेकर विपक्षी सांसद मांग कर रहे हैं कि ऐसे किसी भी सैन्य अभियान पर अंतिम फैसला संसद ही ले। ताजा घटनाक्रम के बाद इसे सीनेट में लाने के लिए दोबारा कोशिश करनी होगी। सैन्य कार्रवाई रोकने का विधेयक फिलहाल अमेरिकी सीनेट की विदेश मामलों से जुड़ी कमेटी के पास है। ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहम्मद बाकिर जोलकद्र ने कहा है कि यदि अमेरिका की नौसैनिक घेराबंदी जारी रहती है तो होर्मुज पर प्रतिबंध और सख्त होगा। ऐसी स्थिति में वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और अमेरिकी मतदाताओं को भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

ईरानी सरकारी समाचार एजेंसी फार्स के मुताबिक, जोलकद्र ने कहा- अमेरिकी शासन की लगातार नौसैनिक घेराबंदी और आक्रामक कार्रवाई के जवाब में दूसरे जलमार्गों और अहम समुद्री रास्तों को भी बंद किया जाएगा।





### दावा- ट्रम्प ने ईरान पर नए हमलों की तैयारी के आदेश दिए

अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल (WSJ) ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी सेना को इस सप्ताहांत तक ईरान पर नया सैन्य हमला करने की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई का उद्देश्य तेहरान पर दबाव बढ़ाना है। WSJ ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि इस सैन्य कार्रवाई की योजना पर काम चल रहा है। हाल ही में ट्रम्प ने जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकाने पर हुए हमले के बाद ईरान को कड़ी सैन्य कार्रवाई की चेतावनी भी दोहराई थी।

> अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा है कि ईरान की ओर से होर्मुज की नाकेबंदी के दौरान अब तक 30 कमर्शियल जहाजों का रास्ता बदला गया है। समुद्री सुरक्षा और जहाजों की आवाजाही बनाए रखने के लिए इन जहाजों को वैकल्पिक मार्गों पर भेजा गया।


## मोरक्को से समुद्र में तैरकर आए थे, बॉर्डर पर सेना ने रोका तो भगदड़ मची

# स्पेन में घुसने पहुंचे 60 हजार प्रवासी, 57 की मौत


**सिउटा, एजेंसी**

स्पेन में जबरन घुसने की कोशिश के दौरान 57 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक, घटना तब हुई, जब गुरवार सुबह एकसाथ स्पेनिश शहर स्यूटा में घुसने की कोशिश कर रहे थे। सीमा पर पुलिस की घेराबंदी और सुरक्षा बाड़ के बीच संकरे रास्तों के कारण लोग एक-दूसरे पर गिर पड़े। भीड़ में दबने, दम घुटने और समुद्र में डूबने के कारण यह हादसा हुआ। इस दौरान स्पेन और मोरक्को के 100 से ज्यादा सैनिक भी घायल हो गए। अंतरराष्ट्रीय नियमों के मुताबिक, स्पेन सरकार उन्हें बिना सुनवाई के सीधे वापस नहीं भेज सकती। उन्हें अस्थायी राहत शिविरों में रखा जाता है, जहां वे शरण का आवेदन करते हैं।एक बार यहां के शिविरों में जगह मिलने के बाद, कानूनी प्रक्रियाओं के तहत धीरे-धीरे इन प्रवासियों को स्पेन के मेनलैंड में जाने का मौका मिल जाता है।

अगर कोई व्यक्ति स्पेन पहुंच गया, तो वह वहां से फ्रांस, जर्मनी, इटली, बेल्जियम, नीदरलैंड जैसे दूसरे देशों में भी जा सकता है, क्योंकि यूरोप के इन देशों में आपस की सीमाओं पर पासपोर्ट जांच नहीं होती।



> स्पेनिश सरकार ने बताया कि 24 घंटे में मोरक्को की तरफ से करीब 60 हजार लोग तैरकर या पैदल चलकर स्यूटा में घुस चुके है। यह शहर की आबादी का 70% है।



एक साथ हजारों लोग समुद्र के रास्ते स्पेनिश शहर में घुसे। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी इन प्रवासियों को आने से नहीं रोक सके।

### मोरक्को से एकसाथ हजारों प्रवासी स्पेन में क्यों घुसे


अफ्रीका और एशिया के कई देशों में गरीबी, बेरोजगारी, युद्ध और भुखमरी जैसी समस्यां हैं। लोग अपने और अपने परिवार के अच्छे भविष्य के लिए यूरोप जाना चाहते हैं।

समुद्र में सैकड़ों किलोमीटर नाव चलाने के बजाय, मोरक्को के रास्ते स्यूटा पहुंचना प्रवासियों के लिए सबसे आसान और छोटा रास्ता लगता है जैसे ही कोई प्रवासी स्यूटा की सीमा में दाखिल होता है, उस पर स्पेन और यूरोपीय संघ के कानून लागू हो जाते हैं।

# त्योहारों से पहले टूथपेस्ट से लेकर पेंट तक महंगे होंगे

**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी**

देश की सबसे बड़ी FMCG और कंज्यूमर कंपनियां फेस्टिव सीजन से ठीक पहले और लगातार दूसरी तिमाही में अपने प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ाने की तैयारी में हैं। टूथपेस्ट से लेकर टायर और पेंट जैसे सामान महंगे होने वाले हैं। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के कारण कमोडिटी लागत बढ़ रही है, जिससे देश में महंगाई लंबे समय तक ऊंचे स्तर पर बनी रहने की आशंका है। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (HUL) आने वाली तिमाही में डिटर्जेंट और डिशवॉशिंग बार जैसी कैटेगरी में कीमतें बढ़ाएगी। HUL के अलावा डोडला डेयरी और एशियन पेंट्स समेत कम से कम 7 अन्य कंपनियां भी दाम बढ़ाने का प्लान बना चुकी हैं। भारत की सबसे बड़ी कंज्यूमर गुड्स कंपनी हिंदुस्तान यूनिलीवर के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर निरंजन गुप्ता ने एनालिस्ट्स को बताया कि बाहरी उतार-चढ़ाव के कारण क्रूड ऑयल से जुड़े डेरिवेटिव्स में महंगाई देखने को मिल रही है। इसी वजह से कंपनी होम केयर सेगमेंट में सोच-समझकर कीमतें बढ़ा रही है। ईरान युद्ध की वजह से एनर्जी की कीमतें लगातार ऊंची बनी हुई हैं, जिससे तुरंत कोई राहत मिलती नहीं दिख रही है। अमेरिका-ईरान के बीच तनाव फिर से भड़कने के कारण कंपनियां होम एप्लायंसेज से लेकर किचन के जरूरी सामानों पर दूसरी बार कीमतें बढ़ाने के प्लान बना रही हैं।



> एचयूएल और एशियन पेंट्स समेत 8 कंपनियां जरूरत के सामानों की कीमतें बढ़ाएंगी

**राजनीति :** गाजा से सेना हटाने के फैसले पर इजराइल में विरोध, 2 महीने बाद चुनाव हैं

# नेतन्याहू की मुश्किल : ट्रम्प को खुश करें या कुर्सी बचाएं

**तेल अवीव, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 30 जुलाई को दावा किया कि गाजा को लेकर ऐतिहासिक समझौता हो गया है। हमास हथियार छोड़ने के लिए तैयार हो गया है। इसके साथ ही इजराइली सेना भी गाजा से पीछे हट जाएगी।

ट्रम्प के ऐलान के बाद से सवाल पूछे जाने लगे हैं कि क्या इजराइल सच में गाजा से अपनी सेना हटा लेगा? यही शर्त अब इजराइल की राजनीति में सबसे बड़े विवाद की वजह बन गई है। इजराइल में कई नेता और वहां का मीडिया इस समझौते को लेकर नाराज हैं।

एक तरफ ट्रम्प दावा कर रहे हैं कि इजराइल इस समझौते से बेहद खुश है। दूसरी तरफ इजराइल ने अब तक इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सरकार के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि जब तक हमास के पूरी तरह हथियार छोड़ने का पक्का भरोसा नहीं हो जाता, तब तक गाजा से सेना हटाने का सवाल ही नहीं उठता।






अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित मार-ए-लागो क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर इशारा करते हुए। फोटो- 29 दिसंबर 2025 की है।

> नेतन्याहू सरकार में वित्त मंत्री रहे स्मोट्रिच ने कहा कि गाजा से इजराइली सेना नहीं हटनी चाहिए। हमास के लोगों से हथियार छीनना ही पहली शर्त है। आखिरकार इजराइल पूरे गाजा पर नियंत्रण करेगा और वहां फिर से यहूदी बस्तियां बसाई जाएंगी।

### गाजा से सेना हटाने का इजराइल में इतना विरोध क्यों?

7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इजराइल ने गाजा में बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया। तब से अब तक 73 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं और गाजा का बड़ा हिस्सा तबाह हो चुका है। इसके बावजूद इजराइल में बड़ी संख्या में लोग अब भी गाजा के खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई के पक्ष में हैं। मई में हुए एक सर्वे में 82% यहूदी इजराइलियों ने गाजा के फिलिस्तीनियों को उनके घरों से हटाने का समर्थन किया। 56% लोगों ने इजराइल के भीतर रहने वाले फिलिस्तीनी नागरिकों को भी हटाने की बात कही। जाहिर है कि गाजा से सेना हटाने और वहां दोबारा फिलिस्तीनी सरकार बहाल करने का विचार इजराइल में कई लोगों को पसंद नहीं है। उन्हें डर है कि अगर सेना हट गई तो हमास फिर से मजबूत होकर 7 अक्टूबर जैसा हमला कर सकता है।

# जापान में फिर लगे भूकंप के झटके, 5.8 रही तीव्रता

**टोक्यो, एजेंसी**

जापान में कुदरत का कहर थम नहीं रहा है। शनिवार को उत्तरी जापान के आओमोरी प्रांत के पास 5.8 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान के अनुसार, यह भूकंप स्थानीय समय के अनुसार सुबह 11:48 बजे आओमोरी के प्रशांत तट से लगभग 80 किलोमीटर की गहराई में आया।

जापानी पैमाने (7-पॉइंट स्केल) पर इसकी तीव्रता 4 दर्ज की गई। भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। भूकंप का केंद्र 41.3 डिग्री उत्तर अक्षांश और 142.0 डिग्री पूर्व देशांतर पर स्थित था। जापान में कुछ ही दिन पहले आए एक अन्य शक्तिशाली और विनाशकारी भूकंप के झटकों से 35 लोगों की मौत हुई थी।

हाल ही में मंगलवार को कुमामोटो प्रांत में शाम 4:27 बजे तीव्रता 7 का एक भीषण भूकंप आया था, जिसने पूरे इलाके में भारी तबाही मचाई। शुक्रवार को अधिकारियों ने पुष्टि की कि आपदा में मृतकों की संख्या बढ़कर 35 हो गई है।



मृतकों में कुछ ऐसे लोग भी शामिल हैं जिनकी मौत के सटीक कारणों की जांच की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मौत सीधे झटकों की वजह से हुई या अन्य कारणों से। कुमामोटो के आपदा प्रभावित इलाकों जैसे यात्सुशिरो और उकी शहरों में जमीनी हालात बेहद भयावह हैं। मुख्य सड़कें मुड़ चुकी हैं और उनमें गहरी दरारें आ गई हैं, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

**तमसा संकेत**
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676